

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com   लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित   जन-जन की आवाज़

लखनऊ   वर्ष : 05 अंक : 66   शनिवार 18 अप्रैल 2026   बैशाख शुक्ल द्वितीया विक्रम संवत 2083   पृष्ठ : 12   मूल्य : 05 रूपया



## 50% अबादी की उम्मीद पर फिरा पानी

# महिला आरक्षण और परिसीमन बिल लोकसभा में नहीं हो पाया पारित, पक्ष में पड़े 298 वोट

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया। सदन में 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026', पर हुए मत विभाजन के दौरान इसके पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े।

लोकसभा में किसी भी संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत होती है। सरकार ने इस विधेयक के साथ 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को भी सदन में चर्चा और पारित कराने के लिए रखा था, लेकिन उन्हें भी आगे नहीं बढ़ाया जा सका।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि संविधान संशोधन विधेयक के पारित नहीं होने के बाद अब इससे संबंधित दोनों विधेयकों 'परिसीमन विधेयक, 2026' और 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' को आगे नहीं बढ़ा सकते।



**संविधान पर आक्रमण था विधेयक, हमने इसे रोका: राहुल गांधी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा से महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के बाद शुक्रवार को कहा कि यह संविधान पर आक्रमण था, जिसे विपक्ष ने नाकाम कर दिया। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला आरक्षण लागू करना चाहते हैं तो 2023 में पारित कानून को लागू करें जिसमें विपक्ष पूरा सहयोग देगा।

कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह महिला (आरक्षण) विधेयक नहीं था, ये हिंदुस्तान के राजनीतिक और चुनावी ढांचे को बदलने की कोशिश थी, संविधान पर आक्रमण था। हमने इसे रोक दिया।'' राहुल गांधी ने यह भी कहा, ''मैं प्रधानमंत्री से कहना चाहता हूं, अगर आप महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहते हैं, तो 2023 का महिला आरक्षण विधेयक आज से लागू कर दीजिए, पूरा विपक्ष आपको 100 प्रतिशत समर्थन देगा। अगर ऐसा किया गया, तो हम महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करवा देंगे।''

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को संसद के निचले सदन में पारित नहीं हो पाया।

लोकसभा में अमित शाह का विपक्ष पर हमला, कहा-

# इंडी गठबंधन ने किया महिला आरक्षण का विरोध

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि विपक्षी गठबंधन ने महिला आरक्षण के लागू करने के तरीके का नहीं बल्कि महिला आरक्षण के पूरे प्रस्ताव का ही विरोध किया है। शाह ने लोकसभा में 'संविधान 131वां संशोधन विधेयक 2026' और उससे जुड़े परिसीमन सहित दो अन्य विधेयकों पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा, ''इंडी गठबंधन के सदस्यों ने चर्चा में यह तो कहा कि महिला आरक्षण का स्वागत करते हैं लेकिन उन्होंने इसको लागू करने के बारे में 'अगर मगर किंतु परंतु' लगाया और उनका यह तरीका लागू करने के तरीके पर नहीं बल्कि महिला आरक्षण का ही विरोध है।''



उन्होंने कहा कि जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन एक संवैधानिक प्रावधान है लेकिन यहां इसका विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 81, 82 और 170 में इसके नियम निहित हैं और परिसीमन का उद्देश्य जनसंख्या के आधार पर लोकसभा की सीटों का निर्धारण करना और राज्यों के बीच संतुलन बनाए रखना है।

उन्होंने कहा कि संविधान में जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के माध्यम से सीटों की संख्या बढ़ाने की व्यवस्था है लेकिन 42वें संविधान संशोधन में इंदिरा गांधी के शासन काल में इन सीटों की संख्या को एक जगह रोक दिया गया। गृहमंत्री ने कहा कि आज देशभर में 127 सीटें ऐसी हैं जहां 20 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। उन्होंने विपक्ष से इन विधेयकों का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि इससे एक मत एक मूल्य का सिद्धांत व्यावहारिक रूप से लागू होगा।

## लोकसभा : एक नजर में

### रवि किशन बोले- संघर्ष में पत्नी ने दिया साथ, इसलिए करता हूं सम्मान

भाजपा सांसद रवि किशन ने अपनी पत्नी को लेकर कहा कि उनके राजनीतिक प्रचार से लेकर जमीनी समर्थन तक में उनकी पत्नी की अहम भूमिका रहती है। रवि किशन ने कहा कि 'मेरा प्रचार भी मेरी पत्नी करती हैं। मेरा एक डेढ़ लाख वोट पत्नी लाती हैं। मैं अपनी पत्नी के पैर छूता हूं। क्यों न छुएं उसने मेरी गरीबी और स्ट्रगल में साथ दिया। हालांकि वो छूने नहीं देती मैं उनके सोते हुए पैर छू लेता हूं।' उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा 'यहां लोग अपने गार्डन की कहानी सुनाकर चले गए। पीएम का अपमान कर गए। यह दुखद है। महिलाओं को 33% आरक्षण मिलना चाहिए। अगर ये पारित नहीं हुआ तो एक भी महिला वोट विपक्ष को नहीं मिलेगा।'

### कंगना रनौत का तंजः लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण को बताया सिरदर्द

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कंगना रनौत ने कहा कि राहुल गांधी को सुनना उनके लिए सिरदर्द जैसा अनुभव था। उनके मुताबिक, संसद में दिया गया भाषण गंभीर मुद्दों से भटकता हुआ प्रतीत हुआ और उसमें बचपन से जुड़ी कल्पनाओं और अनुभवों की झलक भी दिखी। उन्होंने यह भी दावा किया कि सदन के भीतर कुछ मौकों पर स्पीकर की ओर से भी बीच-बचाव किया गया, लेकिन माहौल को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कंगना ने अपने बयान में तंज कसते हुए कहा कि कई बार भाषण के दौरान ऐसा लगा जैसे बातें किसी वास्तविक चर्चा से ज्यादा कल्पनात्मक या असंबंधित दिशा में जा रही हों।

### निशिकांत दुबे का कांग्रेस पर हमलाः महिला आरक्षण बहस के बीच सोनिया गांधी और बोफोर्स का जिक्र

लोकसभा में महिला आरक्षण को लेकर चल रही चर्चा के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों से सरकार महिलाओं को आरक्षण देने के मुद्दे पर गंभीरता से काम कर रही है और सांसद देर रात तक सदन में मौजूद रहे। मुझे लगा कि कांग्रेस के जो लीडर हैं उनका जो भाषण है वो एक शो जैसा था, जैसा कि माइकल जैक्सन का। अपने संबोधन में दुबे ने 17 अप्रैल की तारीख का उल्लेख करते हुए कांग्रेस के अतीत पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि इसी दिन वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले को लेकर आरोप लगे थे, जिसने देश की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा किया था। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 1998 की एक घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भी टिप्पणी की। दुबे ने कहा कि उस समय सोनिया गांधी सीताराम केसरी की धोती खोलकर कांग्रेस की अध्यक्ष बन गई।

### स्पीकर ने राहुल के शब्दों को कार्यवाही से हटाया

रिजिजू बोले- राहुल के भाषण से हमें आपत्ति नहीं है। वह कहते हैं कि आर्परेशन सिंदूर एक जादू था, उसका मजाक बना रहे हैं। उसको जादू कहते हैं। रक्षामंत्री ने कहा है हम भी कह रहे हैं भाषण नियम के तहत दीजिए। बार-बार पीएम का मजाक उड़ाना गलत।

# लोकसभा में राहुल गांधी पर भड़के राजनाथ सिंहः ऑपरेशन सिंदूर और बालाकोट स्ट्राइक का मजाक उड़ाया था नेता विपक्ष राहुल ने

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** परिसीमन और महिला आरक्षण पर लोकसभा में जारी बहस के दौरान शुक्रवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने संबोधन में अप्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए 'जादूगर' का जिक्र किया। दरअसल, राहुल गांधी ने अपने संबोधन के दौरान एक 'जादूगर की कहानी' सुनानी शुरू की, जिसे लेकर सदन में शोर-शराबा बढ़ गया।

इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हस्तक्षेप करते हुए उन्हें टोका और कहा कि सदन की कार्यवाही मयार्दा में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप नेता प्रतिपक्ष हैं और संसद की गरिमा बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है। ओम बिरला ने कहा, ''यह संसद है, चौराहा नहीं। जो बातें बाहर कही जाती हैं, वे यहां नहीं कही जा सकतीं। संसद की अपनी मयार्दा और गरिमा होती है।'' उन्होंने राहुल गांधी से आग्रह किया कि वे विधेयक के मुद्दे पर ही केंद्रित रहें।



राहुल गांधी के बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल 'गैर-संवैधानिक' और 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' है। जिस व्यक्ति को देश की जनता ने प्रधानमंत्री बनाया है, उसके लिए ऐसे शब्दों का प्रयोग करना केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे देश का अपमान है। राजनाथ सिंह ने मांग की कि राहुल गांधी द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए और उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

वहीं, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी के बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इन टिप्पणियों को 'असंसदीय' करार देते हुए कहा कि इस तरह के बयान सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं और संसदीय परंपराओं के खिलाफ हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राहुल गांधी के इस बयान को सदन की कार्यवाही से हटाया जाएगा।

## कर्नाटक में दर्दनाक हादसा : टक्कर के बाद कार और बस में लगी भीषण आग, छह लोग जिंदा जले



**एजेंसी समाचार**

**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले में शुक्रवार को देवपुर के पास एक कार और एक निजी बस की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार, टक्कर के बाद कार में भीषण आग लग गई जिसने दोनों वाहनों को तुरंत ही अपनी चपेट में ले लिया। इससे कार में सवार लोग अंदर फंस गए और सभी छह लोगों की घटनास्थल पर ही जलकर मौत हो गई। यह दुर्घटना सुरपुर तालुक के देवपुर के पास हुई। कार यादगिर से रायचूर की ओर जा रही थी, जबकि निजी बस बेंगलुरु से कलबुर्गी की ओर जा रही थी। स्थानीय लोग एवं राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे और आपातकालीन बचाव दल की सहायता की। दमकल एवं आपातकालीन सेवा कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है और प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।

# एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बने अदाणी, मुकेश अंबानी को छोड़ा पीछे

**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अदाणी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. के प्रमुख मुकेश अंबानी को पीछे छोड़कर एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। यह बदलाव उनके बंदरगाह से ऊर्जा क्षेत्र तक फैले समूह के शेयर में लगातार तेजी के कारण उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि के कारण हुआ है। एशिया के अमीर व्यक्तियों की ताजा रैंकिंग के अनुसार, अदाणी की कुल संपत्ति 92.6 अरब डॉलर है, जबकि अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर आंकी गई है।



इस तरह अदाणी अब भारत और एशिया दोनों में सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। अदाणी भारत के सबसे बड़े निजी बंदरगाह नेटवर्क का संचालन करते हैं। वे देश के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक और निजी हवाई अड्डा संचालक भी हैं तथा दुनिया के प्रमुख कोयला व्यापारियों में शामिल हैं। वह वर्तमान में 'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' में 19वें स्थान पर हैं। यह दुनिया के 500 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची है और इसे रोजाना अद्यतन किया जाता है।

उनकी संपत्ति का बड़ा हिस्सा समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी से आता है। हाल में अदाणी समूह के शेयरों में आई तेजी से बाजार पूंजीकरण में अरबों डॉलर की वृद्धि हुई है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा बदलाव से जुड़े क्षेत्रों में निवेशकों की मजबूत रुचि को दशार्ती है। इसके विपरीत, मुकेश अंबानी की संपत्ति में तुलनात्मक रूप से कम बढ़त हुई है। उनकी संपत्ति का मुख्य आधार उनका प्रमुख समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज है, जो ऊर्जा, दूरसंचार और खुदरा व्यापार जैसे क्षेत्रों में फैला हुआ है। इस धीमी बढ़त के कारण क्षेत्र के अरबपतियों की सूची में बदलाव आया है।''

'ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स' की अमीर व्यक्तियों की सूची में शीर्ष स्थान पर कार विनिमार्ता कंपनी टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एलन मस्क हैं। उनकी कुल संपत्ति 656 अरब डॉलर है, जो उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी लैरी पेज की संपत्ति से दोगुने से भी अधिक है। लैरी पेज गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के सह-संस्थापक हैं और उनकी संपत्ति 286 अरब डॉलर है। अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस 269 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अदाणी और अंबानी ही शीर्ष 50 में शामिल दो भारतीय हैं।

अंबानी एक दशक से अधिक समय तक भारत के सबसे अमीर व्यक्ति रहे, लेकिन 2022 में अदाणी समूह के शेयरों में तेज वृद्धि के कारण वह शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। हालांकि, बाद में एक अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई और अंबानी फिर से शीर्ष स्थान पर आ गए।

# सुप्रीम कोर्ट से कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को झटका, ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की अर्जी ठुकराई

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ा झटका देते हुए उनकी ट्रांजिट अग्रिम जमानत बढ़ाने की अर्जी ठुकरा दी है। यह मामला असम पुलिस द्वारा असम के मुख्यमंत्री सरमा की पत्नी की शिकायत पर दर्ज की गई एक प्राथमिकी से जुड़ा है। पवन खेड़ा का आरोप था कि सीएम सरमा की पत्नी के पास अलग-अलग देशों के कई पासपोर्ट हैं। खेड़ा की उस अर्जी को भी अदालत ने ठुकरा दिया जिसमें उन्होंने ट्रांजिट जमानत को अगले मंगलवार तक बढ़ाने की मांग की थी ताकि वह सोमवार को असम की अदालत में पेश हो सकें। यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत द्वारा उनकी अग्रिम जमानत पर रोक लगाने के दो दिन बाद सामने आया है। यह अग्रिम जमानत उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय ने दी थी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और अतुल एस चांदुरकर की पीठ ने टिप्पणी की कि यदि संबंधित अदालत काम नहीं कर रही है, तो मामले की सुनवाई के लिए अनुरोध किया जा सकता है, जिस पर मौजूदा चलन के अनुसार विचार किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि न तो वह और न ही तेलंगाना उच्च न्यायालय असम की उस अदालत के काम में कोई दखल देगा जो पवन खेड़ा के खिलाफ मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि 5 अप्रैल को एक संवाददाता सम्मेलन में खेड़ा ने आरोप लगाया था कि सरमा के पास कई पासपोर्ट हैं और कई देशों में उनकी संपत्तियां हैं, जिनका जिक्र असम के मुख्यमंत्री ने अपने चुनावी हलफनामे में नहीं किया था। मुख्यमंत्री ने इन आरोपों को खारिज कर दिया, जिसके बाद खेड़ा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।



## ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार'; ट्रम्प का बड़ा दावा, तेहरान ने बताया बेबुनियाद

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में कई वर्षों की जंग के बाद अब शांति की लौ जलती दिख रही है। दरअसल, इस्राइल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम लागू हो चुका है। जिसके बाद लेबनान में जश्न का माहौल है,लेकिन इसी बीच हिजबुल्ला ने एक धमकी भी दी है। उधर, अमेरिका-ईरान के बीच भी युद्धविराम के शांतिवार्ता पर चर्चा तेज हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान अपने संवर्धित (एनरिच्ड) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने पर सहमत हो गया है। यह वही यूरेनियम है जिसका उपयोग परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता काफी नजदीक है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह समझौता हो जाता है, तो तेल की आपूर्ति दोबारा शुरू हो सकती है और क्षेत्र में हालात सामान्य होने लगेंगे। ट्रम्प ने आगे संकेत दिया कि अगर यह समझौता इस्लामाबाद में होता है, तो वह पाकिस्तान की यात्रा भी कर सकते हैं। हालांकि, ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के इस दावे को खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बिना आधार के बातें कर रहे हैं और वास्तविक स्थिति इससे अलग है।



# इश्क के लिए बदला मजहब: रामपुर की मुस्कान ने बरेली में रचाई शादी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्यार और आस्था के संगम की एक चर्चित कहानी सामने आई है। रामपुर की रहने वाली मुस्कान खान ने प्रेम के चलते न सिर्फ अपना जीवनसाथी चुना, बल्कि स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाकर आकाश नाम के युवक के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से विवाह कर लिया। इस फैसले के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है।

सुभाषनगर थाना क्षेत्र स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में पंडित के.के. शंखधार की मौजूदगी में पूरे रीति-रिवाज से शादी कराई गई। सबसे पहले शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें गंगाजल के साथ वैदिक मंत्रों का जाप कराया गया। इसके बाद दोनों ने अग्नि के समक्ष सात फेरे लेकर एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया। विवाह के बाद मुस्कान ने अपना नाम बदलकर 'मुस्कान यादव' रख लिया।

### परिवार के विरोध के बीच उठाया कदम

बताया गया कि मुस्कान रामपुर के ग्राम थनापुर की रहने वाली हैं, जबकि आकाश पसियापुरा जनूबी गांव के निवासी हैं। दोनों के परिवार इस रिश्ते को लेकर एकमत नहीं थे। जहां आकाश के परिजनों ने सहमति दे दी थी, वहीं मुस्कान के परिवार ने विरोध किया। हालात बिगड़ते देख दोनों घर छोड़कर रामपुर से बरेली पहुंचे और यहां विवाह कर लिया। मुस्कान ने बताया कि करीब एक साल पहले आकाश से उनकी मुलाकात हुई थी। पहली ही नजर में वह उन्हें पसंद आ गए। बातचीत बढ़ी और रिश्ता गहराता चला गया। मुस्कान ने ही पहले आकाश को अपने दिल की बात कही और शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे आकाश ने स्वीकार कर लिया।

### आस्था की राह पर लिया बड़ा निर्णय

मुस्कान का कहना है कि वह पिछले कई वर्षों से भगवान श्री कृष्ण की भक्ति से जुड़ी हुई हैं और सनातन परंपराओं से प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि यह फैसला उन्होंने अपनी इच्छा से लिया है और किसी प्रकार का दबाव नहीं था। उनका मानना है कि उन्हें इस धर्म में अधिक सम्मान और स्वतंत्रता का अनुभव होता है। मुस्कान के इस कदम और बयान के बाद सामाजिक व धार्मिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। जहां कुछ लोग इसे प्रेम और आस्था की स्वतंत्रता बता रहे हैं, वहीं कुछ इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिलहाल यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नीम के पेड़ पर लटकी मिली किशोरी की लाश, पिता ने जताया हत्या का शक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भमोरा थाना क्षेत्र के मकरंदपुर ताराचंद गांव में गुरुवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 15 वर्षीय किशोरी का शव घर के आंगन में नीम के पेड़ पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रात में सोने के बाद सुबह मिली लाश

परिजनों के मुताबिक, जफर अली की दूसरी बेटी सबनूर गुरुवार रात अपनी बहनों के साथ खाना खाने के बाद कमरे में सो गई थी। देर रात करीब तीन बजे जफर अली घोड़े को चारा डालने के लिए उठे, तभी उनकी नजर आंगन में नीम के पेड़ पर पड़ी, जहां बेटी का शव रस्सी से लटका हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए और उन्होंने शोर मचा दिया।



परिजनों और आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतारा। घटना की सूचना मिलते ही भमोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य जुटाए।

परिजनों का आरोप है कि किशोरी की पीठ पर चोट के निशान थे और गले पर रस्सी का गहरा निशान भी मिला है। इन परिस्थितियों को देखते हुए पिता ने बेटी की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने की आशंका जताई है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, हर पहलू की जांच

पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस आत्महत्या और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है।

# किराए के कमरे में फंदे पर लटका मिला बी-फार्मा छात्र का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में एक बी-फार्मा छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मच गया। किराए के कमरे में छात्र का शव फंदे से लटका मिलने पर आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतक की पहचान बदायूं जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला हरेला निवासी 21 वर्षीय रामकिशोर के रूप में हुई है। वह बरेली के फरीदपुर इलाके में किराए के मकान में रहकर बी-फार्मा तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। गुरुवार शाम पड़ोसियों ने कमरे में उसका शव रस्सी के सहारे लटका देखा और तुरंत पुलिस व परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा



खुलवाकर शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर फॉरेंसिक जांच भी कराई जा रही है।

पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता बाबूराम ने बेटे की मौत को संदिग्ध बताते हुए साफ कहा कि यह आत्महत्या नहीं हो सकती। उनका कहना है कि रामकिशोर का किसी से कोई विवाद नहीं था और न ही वह किसी मानसिक तनाव में था। ऐसे में उसकी मौत को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिवार के मुताबिक रामकिशोर 5 अप्रैल को घर से पढ़ाई के लिए निकला था और पूरी तरह सामान्य था। किसी भी तरह की परेशानी या विवाद की बात सामने नहीं आई थी, जिससे परिजन घटना को और अधिक संदिग्ध मान रहे हैं।

### परिवार में मचा कोहराम, मां का रो-रोकर बुरा हाल

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मां शिवकांता का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इकलौते बेटे की मौत ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी है।

# बरेली में अब पीएनजी कनेक्शन हुआ अनिवार्य

- तीन महीने बाद बंद हो जाएगी सप्लाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत के बीच बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। अब जिन इलाकों में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की लाइन बिछ चुकी है और आपूर्ति भी हो रही है, वहां रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। साफ कर दिया गया है कि नोटिस जारी होने के तीन महीने बाद ऐसे घरों की एलपीजी सप्लाई पूरी तरह बंद कर दी जाएगी।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। शहर



के करीब सवा लाख ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित किया गया है, जहां पीएनजी लाइन मौजूद है, लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं लिया गया। प्रशासन ने इन सभी के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी कर दिया है और समयसीमा के भीतर पीएनजी अपनाने के निर्देश दिए हैं। नोटिस जारी होते ही सेंट्रल यूपी गैस लिमिटेड (सीयूजीएल) ने भी कमर कस ली है। अधिकारियों के मुताबिक, आवेदन मिलते ही मोबाइल टीम के जरिए घर-घर जाकर पीएनजी कनेक्शन दिए जाएंगे। उद्देश्य यही है कि तय समयसीमा के भीतर अधिकतम घरों को गैस नेटवर्क से जोड़ा जा सके और एलपीजी पर निर्भरता खत्म की जा सके।

### शहर के 80 प्रतिशत हिस्से में पहुंच चुकी है पीएनजी लाइन

सीयूजीएल अधिकारियों के अनुसार, नगर निगम क्षेत्र के 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से में पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है। हालांकि, पुराने शहर और अत्यधिक घनी आबादी वाले कुछ क्षेत्रों में अभी काम बाकी है। शहर में लगभग ढाई लाख घर हैं, लेकिन अब तक सिर्फ 50 हजार घरों में ही पीएनजी कनेक्शन हो पाया है। अब करीब एक लाख नए कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है।

अब यह नियम सिर्फ शहर तक सीमित नहीं रहेगा। नकटिया, भरतौल, बदायूं रोड और कैंट क्षेत्र भी इसकी जद में आ गए हैं। कई जगहों पर पाइपलाइन बिछ चुकी है, लेकिन कनेक्शन अभी बाकी हैं। नगर निगम से अनुमति मिलने के बाद पटेल विहार, चौकी चौराहा, चौपुला, सुभाषनगर, आंचल कॉलोनी और अन्य इलाकों में तेजी से काम चल रहा है।

### एलपीजी संकट के बीच पीएनजी की मांग में उछाल

एलपीजी की किल्लत ने लोगों का रुख तेजी से पीएनजी की ओर मोड़ दिया है। पिछले डेढ़ महीने में ही करीब दो हजार नए उपभोक्ता जुड़े हैं। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स भी अब तेजी से पीएनजी कनेक्शन ले रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने साफ कहा है कि जिन इलाकों में पीएनजी उपलब्ध है, वहां तीन महीने बाद एलपीजी सप्लाई बंद कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अंतिम समय का इंतजार न करें और जल्द से जल्द पीएनजी कनेक्शन लेकर किसी भी असुविधा से बचें।

### 25 टोकन में सिमटा अमरनाथ रजिस्ट्रेशन

**बरेली।** बाबा अमरनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है, लेकिन पंजीकरण की व्यवस्था लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। शुक्रवार सुबह रामपुर गार्डन स्थित यस बैंक शाखा पर रजिस्ट्रेशन के लिए लंबी कतार लग गई। बैंक में सिर्फ एक काउंटर और रोजाना 25 टोकन तय होने से कई श्रद्धालुओं को निराश होकर लौटना पड़ा।

घंटों लाइन में खड़े श्रद्धालुओं ने बैंक कर्मचारियों पर धीमी प्रक्रिया और अव्यवस्था के आरोप लगाए। कई लोगों का कहना है कि टोकन व्यवस्था पारदर्शी नहीं है। 9 अप्रैल से स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और 15 अप्रैल से पंजीकरण शुरू है। जिला अस्पताल में रोजाना 100 से अधिक श्रद्धालु स्वास्थ्य जांच कराकर प्रमाणपत्र बनवा रहे हैं।

# महर्षि चौक से श्यामगंज तक बनेगी स्मार्ट रोड, 36 करोड़ से बदलेगी सूरत

- सीएम ग्रिड योजना के तीसरे चरण को मिली मंजूरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) स्कीम के तीसरे चरण को हरी झंडी दे दी है। इस फैसले से बरेली शहर की यातायात व्यवस्था और सौंदर्यीकरण में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। योजना के तहत महर्षि चौक से श्यामगंज पुल तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग को स्मार्ट रोड के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए 36 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है, जिससे सड़क की पूरी सूरत बदलने की तैयारी है।



मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी का कहना है कि इस रोड पर डिवाइडर की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी और दोनों ओर व्यवस्थित फुटपाथ बनाए जाएंगे। सबसे बड़ा बदलाव बिजली व्यवस्था में होगा, जहां सभी तारों को अंडरग्राउंड किया जाएगा, जिससे सड़क सुरक्षित और देखने में अधिक व्यवस्थित लगेगी। इसके साथ ही कोहाड़ापीर से प्रेमनगर धर्मकांटा तक सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है।

### दुकानदारों की सहमति से हटाया जा रहा अतिक्रमण

सड़क विकास में बाधा बन रहे अतिक्रमणों को सख्ती से हटाया जा रहा है, ताकि मानकों के अनुसार सड़क की चौड़ाई सुनिश्चित की जा सके। नगर निगम शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों जैसे मॉडल टाउन, राजेंद्रनगर और कोहाड़ापीर में भी जल निकासी और खराब सड़कों की स्थिति सुधारने पर काम कर रहा है। शासन की स्वीकृति के बाद अब इन इलाकों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का काम जल्द ही धरातल पर दिखाई देगा। अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों से सहमति ली जा रही है कि जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा न हो।

# चलती कार बनी आग का गोला, 11 लोगों ने कूदकर बचाई जान, हाईवे पर मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली-बदायूं हाईवे पर शुक्रवार को तेज रफ्तार में दौड़ रही एक ईको सीएनजी कार अचानक आग का गोला बन गई। गनीमत रही कि कार में सवार 11 लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि पूरी कार जलकर राख हो गई और उसमें रखा करीब 80 हजार रुपये नकद समेत अन्य सामान भी खाक हो गया।

### हरियाणा से लौट रहे थे मजदूर, रास्ते में भड़की आग

जानकारी के अनुसार, बिनावर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगाई कान्तान निवासी 10 लोग



हरियाणा से मजदूरी कर एक ही ईको कार में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही कार बरेली-बदायूं हाईवे पर गांव घटपुरी के पास पहुंची, तभी अचानक वाहन के पिछले हिस्से से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं।

कार सवार लोगों ने घबराने के बजाय तुरंत सूझबूझ दिखाई और गाड़ी रोककर सभी को बाहर निकाल लिया। कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा और हाईवे पर लोगों की भीड़ जुट गई।

### दमकल ने बुझाई आग, तब तक राख हो चुकी थी कार

सूचना मिलते ही थाना बिनावर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। वहीं फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अगर आग का पता कुछ सेकेंड देर से चलता तो बड़ा हादसा हो सकता था और कई लोगों की जान जा सकती थी। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है।

# दिल्ली हाईवे पर बनेगी मेगा इंडस्ट्रियल सिटी

## 600 किसानों की जमीन चार गुना कीमत पर खरीदेगा बीडीए, 126 हेक्टेयर में विकसित होगा नया औद्योगिक हब

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के विस्तार और विकास को नई रफ्तार देने की तैयारी शुरू हो गई है। बीडीए की 95वीं बोर्ड बैठक में दिल्ली हाईवे किनारे एक विशाल औद्योगिक टाउनशिप बसाने का फैसला होते ही प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज हो गई। कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई बड़े प्रस्तावों पर मुहर लगी, जो आने वाले समय में बरेली का नक्शा बदल सकते हैं।

टाउनशिप के लिए भिटौरा नौगवां, चिटौली, रहपुरा जागीर और रसूला चौधरी गांवों के करीब 600 किसानों से 126.3043 हेक्टेयर जमीन खरीदी जाएगी। खास बात यह है कि किसानों को बाजार दर



से चार गुना तक कीमत देने की तैयारी है। यानी इस प्रोजेक्ट में किसानों की सीधी भागीदारी भी तय मानी जा रही है, जिससे विरोध की संभावनाएं भी कम होंगी।

इस मेगा प्रोजेक्ट को जमीन पर उतारने के लिए बीडीए ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत सीड कैपिटल लेने का फैसला किया है। साफ है कि सरकार भी इस योजना को प्राथमिकता दे रही है, जिससे आने वाले समय में बरेली औद्योगिक हब के रूप में उभर सकता है और युवाओं के लिए रोजगार के बड़े मौके बनेंगे।

### हाईवे पर फूड कोर्ट-रेस्टोरेंट की बहार, पीपीपी मॉडल से होगा खेल

ग्रेटर बरेली योजना के सेक्टर-04 और सेक्टर-07 में हाईवे से सटे व्यावसायिक भूखंड अब पीपीपी मॉडल पर दिए जाएंगे। क्व्हह्र मॉडल के तहत निजी कंपनियां यहां फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट, प्ले एरिया और अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित करेंगी। इससे एक तरफ यात्रियों को सहूलियत मिलेगी, वहीं बीडीए की आमदनी में भी जबरदस्त इजाफा होगा। इस अहम बैठक में बीडीए उपाध्यक्ष डॉ ए मनिकंडन, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, विद्युत विभाग के अधिकारी, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के प्रतिनिधि, उद्योग विभाग के अधिकारी समेत बोर्ड सदस्य राजेश कुमार अग्रवाल, शालिनी वर्मा और नवल किशोर मौजूद रहे। सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई, जिससे साफ है कि बरेली के विकास को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में है।

बोर्ड बैठक में एक और बड़ा फैसला लेते हुए बाह्य विकास शुल्क (श्चष्ठष्ट) की दर बढ़ा दी गई। अब वर्ष 2026-27 के लिए यह शुल्क 1565 रुपये प्रति वर्गमीटर तय किया गया है। यानी अब नक्शा पास कराने और निर्माण से जुड़ी प्रक्रियाएं आम लोगों के लिए थोड़ी महंगी हो सकती हैं।

# बरेली होकर दौड़ेगी आनंद विहार-जोगबनी स्पेशल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** गर्मी के मौसम में ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने राहत भरा कदम उठाया है। 18 अप्रैल से आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनंद विहार टर्मिनल समर स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया जा रहा है। खास बात यह है कि इस ट्रेन का ठहराव बरेली जंक्शन पर भी होगा, जिससे स्थानीय यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ सुमित कुमार के अनुसार 04008/04007 समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक (23 मई को छोड़कर) प्रत्येक शनिवार को आनंद विहार से और 19 अप्रैल से 12 जुलाई तक (24 मई को छोड़कर) प्रत्येक रविवार को जोगबनी से चलाई जाएगी। कुल 12 फेरों में यह ट्रेन यात्रियों को सफर की सुविधा देगी।

आनंद विहार से सुबह 08:30 बजे चलने वाली यह ट्रेन गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद होते हुए दोपहर 13:02 बजे बरेली पहुंचेगी। इसके बाद शाहजहांपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, कटिहार होते हुए जोगबनी तक जाएगी। यह ट्रेन उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल बॉर्डर तक जाने वाले यात्रियों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी। जोगबनी से वापसी में यह ट्रेन शाम 18:30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन रात 20:30 बजे बरेली पहुंचेगी और तीसरे दिन सुबह 03:00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 19 कोच लगाए जाएंगे, जिससे अधिक संख्या में यात्रियों को सीट मिल सकेगी।

रेलवे ने संचालन में बदलाव करते हुए तीन महीने तक नौ ट्रेनों को लुधियाना स्टेशन की जगह ढंडारी कलां स्टेशन तक चलाने का निर्णय लिया है। इसमें 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट, 22552 जलंधर सिटी-दरभंगा, 14616 अमृतसर-लालकुआं, 12204 अमृतसर-सहरसा समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं, जिनका संचालन सितंबर तक प्रभावित रहेगा। रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन का समय और रूट जरूर जांच लें, ताकि किसी भी तरह की असुविधा से बचा जा सके। गर्मी में भीड़ के चलते रेलवे लगातार स्पेशल ट्रेनों और अतिरिक्त कोच की व्यवस्था कर रहा है।

### आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर
7906815587, 9758444242


### जिले में आज

- कृष्णा मंदिर में शनि देवता की पूजा अर्चना शाम को 7 बजे।
- संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 बजे।

### एक नजर

#### कई दिनों से कुएं में गिरे गोवंश को निकाला बाहर

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला नालापार नई बस्ती स्थित एक कुएं में कई दिनों से गिरे गोवंश को गौ रक्षा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बाहर निकालकर उपचार कराया। युवा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक नंदी महाराज कई दिनों से कुएं में गिरे हुए थे, जानकारी मिलते ही गौ रक्षा सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से कुएं में गिरे गौवंश को बाहर निकालकर उपचार कराया।

#### डीएम और एसपी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक सोमेद्र मीणा द्वारा उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेन्ट- 2025 आयोजित लिखित परीक्षा के लिए जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में महिला की मौत पर गुस्साएं परिजनों ने किया हंगामा

## देर रात तक अस्पताल में मची रही अफरा-तफरी, इलाज में लगाया लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में महिला की मौत पर गुस्साएं परिजनों में हंगामा किया। गुस्साएं परिजनों ने सीधे अस्पताल प्रशासन पर आरोप लगाया कि उपचार में साफ तौर पर लापरवाही हुई जिसके कारण मौत हुई। हंगामा की सूचना मिलने पर सीएमएस, चौकी पुलिस भी आ गई। यह देख परिजनों का पारा और चढ़ गया। मामले को बढ़ता देख सीएमएस ने एएसपी को फोन लगाकर सूचना दी। आनन फानन में शहर कोतवाल भी मौके पर पहुंच गए। देर रात तक अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया।



जिला अस्पताल की चौकी में खड़े मृतक के परिजन। -जागरण मोर्चा

थाना अजीमनगर क्षेत्र के गांव भोट बक्काल निवासी सत्यप्रकाश ने पत्नी चंद्रावती 46 को गुरूवार की दोपहर करीब 2:45 जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने इमरजेंसी वार्ड में उपचार कराया। इसके बाद शाम को तीसरी मंजिल पर बने मेल मेडिकल वार्ड में शिफ्ट कर दिया। रात 12 बजे चंद्रावती की हालत बिगड़ने लगी। आनन फानन में परिजन इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे। 12:30 बजे चंद्रावती की मौत हो गई। महिला को देखकर परिजन भड़क गए। इमरजेंसी वार्ड में ही चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। काफी देर तक इमरजेंसी वार्ड में हंगामा होता रहा। सूचना सीएमएस को दी गई मौके पर पहुंचकर काफी समझाने का प्रयास किया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार महिला को सांस लेने में दिक्कत थी। इसके बाद भी महिला को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। हालत नहीं सुधरने पर रेफर कर दिया

> मृतिका चंद्रावती की हालत सही नहीं थी। फिर भी इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। हालत सही न होने पर परिजनों को मेरठ रेफर करने के लिए बोला। उस पर भी परिजन नहीं माने। मौत सांस लेने की वजह से हुई है। **-डॉ .बीसी सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक।**

> चंद्रावती के परिजन बिना पोस्मार्टम के ही शव लेकर चले गए। उन्होंने लिखकर दिया है कि मौत बीमारी की वजह से हुई है। **– प्रदीप मलिक, शहर कोतवाल**

#### वेंटीलेटर से बच सकती थी महिला की जान

चंद्रावती की जान वेंटीलेटर होने से बच सकती थी। जिला अस्पताल में 14 वेंटीलेंटर है अस्पताल प्रशासन का दावा है कि सभी क्रियाशील हैं। लेकिन इनको चलाए जाने के लिए आपरेटर की तैनात नहीं हैं। इसी वजह से वेंटीलेंटर शोपीस बने हुए हैं। अस्पताल प्रशासन के अनुसार महिला को सांस लेने में दिक्कत थी और ब्लड प्रेशर बढ़ गया जिसकी वजह से पूरी तरह सांस ली नही जा रही थी। इसके बाद भी महिला को दवा और उपचार दिया गया।

#### बिना पोस्टमार्टम कराए ही ले गए शव

बिना कार्रवाई के महिला के शव को गुस्साएं परिजन बिना पोस्मार्टम कराए ही ले गए। हंगामा करते समय अस्पताल प्रशासन के अनुसार कहा गया कि उपचार में कहीं किसी तरह की कोई गलती नहीं हुई है शव का पोस्टमार्टम कराना चाहते है। मृतिका अपने पीछे पांच बच्चों को छोड़ गई है। मालूम हो कि पहले परिजन उपचार के लिए स्वार सीएचसी लेकर पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया था।

## पोस्टपेड बिलिंग प्रणाली लागू की जाए, सौंपा ज्ञापन



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों ने एक्सईएन को दिए ज्ञापन में कहा है कि स्मार्ट मीटर की वर्तमान रिचार्ज प्रीपेड व्यवस्था को समाप्त कर पूर्व की पोस्टपेड बिलिंग प्रणाली पुनः लागू की जाए। विद्युत कटौती से पूर्व उचित सूचना एसएमएस घोषणा अनिवार्य रूप से दी जाए। विद्युत कटौती पर प्रभावी रोक लगाते हुए आपूर्ति को सुगम एवं नियमित किया जाए। पेड़ों की छंटाई आदि कार्य निर्धारित समय-सारणी के अनुसार न्यूनतम अवधि में पूर्ण किए जाएं, जिससे अनावश्यक व्यवधान न उत्पन्न हो। स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष हेल्पलाइन काउंटर की व्यवस्था की जाए।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक जख्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** गुरुवार देर रात शाहबाद के रामपुर रोड पर हुए सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनको सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।मिली जानकारी के अनुसार मोहल्ला हकीमान निवासी ऋषभ वशिष्ठ अपने दोस्त फुरकान निवासी नई बस्ती के साथ रामपुर रोड स्थित एक ढाबे से खाना खाकर लौट रहे थे। रास्ते में नवीन मंडी समिति के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों और आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाया।



सड़क हादसे में घायल युवक।

उन्होंने एंबुलेंस को घटना की सूचना दी। एंबुलेंस यूपी 32 ईजी 4871 के पायलट जगतपाल और ईएमटी किशन वीर ने घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। सीएचसी शाहबाद में डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर दोनों युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अधिशासी अधिकारी बोले: फैमिली आईडी के लिए जाए डोर-टू डोर

- आईडी के लिए ईओ ने सभी कर्मचारियों को किया निर्देशित

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ने सभी अधिकारियों- कर्मचारियों को फैमिली आईडी के लिए निर्देशित किया है कि इसके लिए सभी कर्मचारी डोर-टू डोर जाए। घरों पर जाकर देखें कि किन-किन लोगों की फैमिली आईडी नहीं हैं। ऐसे में तत्काल ही आईडी बनाएं। जिससे कि केंद्र, प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का हर तबके को लाभ मिले।

नगर पालिका परिषद के 43 वार्डों में 28000 फैमिली आईडी बननी हैं। इसके लिए शहर के सभी वार्डों में कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक परिवारों को इस योजना से जोड़ा जा सके।

फैमिली आईडी को लेकर शुक्रवार को शहर में ई- रिक्शा घुमावाकर लोगों को आईडी के लिए जागरूक किया।

ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जिन-जिन कर्मचारियों को आईडी कार्य में लगाया गया है वह प्रतिदिन 200 आईडी अवश्य बनाएं।

पालिका के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को भी पालिका कर्मियों ने 112 आईडी बनाई है अब तक 3000 बन चुकी है।

## सड़क पर खड़े डंपर में घुसी अर्टिगा कार, टला हादसा

**शाहबाद।** शुक्रवार सुबह 6 बजे शाहबाद क्षेत्र में एक बड़ा हादसा टल गया। जहां सड़क पर खड़े डंपर में आकर एर्टिगा कार घुस गई। गनीमत रही कि कार में सवार चार लोगों को मामूली चोटें आई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार बरेली के शहजानपुर निवासी चार लोग सम्भल से दवाई लेने के लिए एर्टिगा कार में सवार होकर शाहबाद से गुजर रहे थे, इसी बीच शाहबाद- आंवला स्टेट हाइवे पर सड़क पर खड़े डंपर में एर्टिगा कार घुस गई। आसपास के लोगों और राहगीरों के द्वारा कार में सवार लोगों को बाहर निकाला गया। हालांकि एर्टिगा कार में सवार चारों लोगों को मामूली चोटें आई।



शाहबाद में सड़क पर खड़े डंपर में घुसने के बाद क्षतिग्रस्त एर्टिगा कार।

## शोभायात्रा के अवसर आसापा ने फल बांटे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आजाद समाज पार्टी के ने टेन्ट लगाकर फल मिठाई और शरबत का किया वितरण। शुक्रवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर नगर में हर साल की भांति इस साल भी डॉ भीमराव अंबेडकर शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के नगर अध्यक्ष शाहरुख राजा, उपाध्यक्ष नदीम राजा व नगर सचिव शावेज मियां व अन्य पदाधिकारी व सदस्यों ने कोतवाली शाहबाद के सामने मैदान में टेन्ट लगाकर अंबेडकर शोभायात्रा में शामिल लोगों व राहगीरों के लिये शरबत मिठाई और फल का वितरण किया। डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती शोभायात्रा के अवसर पर नगर अध्यक्ष शाहरुख रज़ा भीम आर्मी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवओम सागर के द्वारा संयुक्त रूप से द्वारा महाराजा बैंड के मास्टर इरफान को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले 14 अगस्त को डॉ भीमराव जयंती के अवसर पर समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष शाहरुख रज़ा के नेतृत्व में धूमधाम के साथ बाबा साहब की 135वीं जयंती को मनाया गया था।

इस अवसर पर आले हसन ,तौसीफ अहमद, ज़ैद मियां, नावेद अहमद, आरिफ खान, अदनान शान, तालिब , शोएब आदि मौजूद रहे।



अंबेडकर शोभायात्रा के दौरान सम्मानित करते आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष।

## शंकरपुर से निकाली गई स्कूल चलो अभियान रैली

- 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन परिषदीय विद्यालयों में करवाना ही हमारा लक्ष्य मदन लाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास क्षेत्र चमरौआ के ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर के द्वारा स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस रैली में बच्चों ने हाथ में परिषदीय विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन कराने हेतु जागरूकता बैनर, स्लोगन लिखी तख्तियां आदि लेते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरपुर से रेलवे क्रॉसिंग दीनपुर तक रैली निकाल कर अधिक से अधिक नामांकन कराने हेतु जन समुदाय को प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी को मिलकर परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराना है। अपने आस-पड़ोस में ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 6 वर्ष से 14 वर्ष तक की है उन सभी का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराना है।

आज की स्कूल चलो अभियान रैली में नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश, मनोज कुमार , अनुशेंद्र चौहान, शिक्षक अशोक कुमार रावत, पूनम आनंद, मोहम्मद अकरम, शैलेंद्र राठौर, राकेश कुमार गंगवार, फिरासत अली, मोईज मियां, फरहा नाज़, मुद्रा गुप्ता, मोनिका मलिक, दीपा चौहान, सरोज गौतम, अमित कुमार शर्मा, पुष्पा देवी, अरविंद कुमार, इशान खान, फिरोज अली, हरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



स्कूल चलो अभियान रैली में शामिल खंड शिक्षा अधिकारी एवं बच्चें।

## आरा मशीन संचालक की कटी चीनी मांझे से गर्दन

- थाना गंज क्षेत्र के बिलासपुर गेट क्षेत्र का मामला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रतिबंध के बाद भी चीनी मांझे की बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। चीनी मांझे की बरामदगी को लेकर अभियान तो कई बार चलाए जाते हैं लेकिन पुलिस को चीनी मांझा नहीं मिल पाता है।

जबकि शहर में इसका इस्तेमाल जोर-शोर से हो रहा है। पुलिस अभियान के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रही है जिससे लोगों की जान पर बन आ रही है।

नैनीताल हाईवे नैनीताल हाईवे स्थित पहाड़ी गेट के निकट चीनी मांझे की चपेट में आए आरा मशीन संचालक शुऐब खान निवासी बेबी गार्डन स्कूल घेर तोगा थाना गंज अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे कि इसी बीच मांझा उनकी गर्दन पर गिर गया अपने बचाव में हाथ की उंगली बुरी तरह कट गई और गर्दन पर भी खरोच आए।

संचालक शुऐब खां ने सूझबूझ से गर्दन बचाई। इस घटना के बाद से ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। थाना गंज पुलिस टीम ने क्षेत्र में ही अभियान चलाया। ड्रोन उड़ाकर चीनी मांझा उड़ाने वालों की तलाश की गई है।



खून को कपड़े से पोंछते आरा मशीन संचालक।

## शाहबाद में ई रिक्शा पलटने से ग्रामीण की मौत

- मौत के बाद परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** ई-रिक्शा पलटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शुक्रवार को शाहबाद थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव के पास ई-रिक्शा पलटने से ग्रामीण की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ई रिक्शा में प्लाई बोर्ड भरे हुए थे। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को शाहबाद सीएचसी लेकर पहुंची और ग्रामीण की शिनाख्त करने की कोशिश की। उधर खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थीं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ लगी रही थी। इसके अलावा सिविल लाइंस क्षेत्र में भी कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार कर घायल कर दिया। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक भीड़ रही।





**क्रीड़ा** | खेलो इंडिया एथलेटिक्स सेंटर में अरविन्द का चयन

# केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में आदित्य सिंह, हिमांशु राज का हुआ चयन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन संचालित विभिन्न खेलों के आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में जनपद के हॉकी खिलाड़ी आदित्य सिंह, हिमांशु राज का चयन 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर 15 अप्रैल 26 से 29 अप्रैल 26 तक लखनऊ मे आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर मे खिलाड़ियों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण, आवासीय एवं भोजन व्यवस्था तथा विभाग द्वारा अन्य सुविधा मुहैया कराई जाएगी। खिलाड़ी पूर्व से खेल विभाग में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। वर्तमान मे उक्त खिलाड़ी स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल के अध्यनरत छात्र हैं।

प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि एक जनपद एक खेल योजना के अंतर्गत संचालित खेलो इंडिया एथलेटिक्स सेंटर रामपुर के प्रशिक्षार्थी अरविन्द का चयन एथलेटिक्स में 15 दिवसीय केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 15 से 29 अप्रैल तक बनारस मे आयोजित होने वाले शिविर में किया गया। वर्तमान मे अरविन्द मुर्तजा इंटर कालेज का अध्यनरत छात्र है। 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छात्रावास में चयन किया जाएगा।



आदित्य सिंह हाकी खिलाड़ी



हिमांशु राज, हाकी खिलाड़ी



हिमांशु एथलेटिक्स खिलाड़ी

#### खिलाड़ियों, परिवार को दी बधाई

खिलाड़ियों के केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में चयन होने से स्कूल प्रबंधन, प्रबंधक और प्रधानाचार्य एवं खेल शिक्षक एवं खेल विभाग के अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रशिक्षक राजेंद्र सिंह रावत, हॉकी कोच फरहत अली खान, खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक सौरभ कुमार ने खुशी जाहिर की। संतोष कुमार ने खिलाड़ियों के चयन पर पूरे खेल परिवार की ओर से खिलाड़ियों को एवं उनके परिवारजन को बधाई दी। खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बताया। इससे अन्य खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। खेल के प्रेरित होंगे भविष्य में ऐसे खिलाड़ी जनपद का नाम रोशन करेंगे।

# नारी शक्ति के सम्मान अधिकारों को सुनिश्चित करेगा नया कानून: राजबाला

## विकास भवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अधिकारियों, महिलाओं ने रखें विचार

जागरण मोर्चा, कार्यालय



विकास भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते शाहबाद-मिलक विधायक राजबाला सिंह।

**रामपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विकास भवन सभागार में प्रेसवार्ता हुई। विधायिका ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम है। इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं एवं दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित किया गया है, जिससे लोकतंत्र अधिक समावेशी, संतुलित एवं प्रतिनिधिक बनेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को सदैव पूजनीय एवं शक्तिस्वरूप माना गया है। प्राचीन काल से ही महिलाओं ने समाज, राजनीति एवं दर्शन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा स्वतंत्रता संग्राम में भी उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। वर्तमान सरकार द्वारा पारित यह 106वां संवैधानिक संशोधन महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

मा0 विधायिका ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में समानता अत्यंत आवश्यक है। यदि महिलाओं की भागीदारी कम होगी तो लोकतंत्र पूर्ण रूप से सशक्त नहीं हो सकता। इस अधिनियम के लागू होने से नीति निर्धारण के उच्चतम स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिससे निर्णय प्रक्रिया अधिक संवेदनशील एवं प्रभावी बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के राजनीति में आने से समाज में संवेदनशीलता, धैर्य एवं करुणा जैसे मूल्यों का समावेश होगा। महिला जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं को बेहतर ढंग से समझकर उनके समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इससे महिला सुरक्षा, संपत्ति अधिकार, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा महिला उद्यमिता जैसे विषयों पर प्रभावी नीतियां बन सकेंगी, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

### प्रेसवार्ता में यह रहे मौजूद

मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. दीपा सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या, वन स्टॉप सेंटर की संचालिका चांद बी सहित समाजसेवी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### 15 उपभोक्ताओं पर रिपोर्ट दर्ज



**रामपुर।** विद्युत चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने को शुक्रवार को उपकेंद्र खौद के अंतर्गत गांव खौद में अवर अभियंता खोड़ के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान/छापेमारी की गई। अभियान के दौरान स्मार्ट मीटर एवं अन्य विद्युत संयोजनों की सघन जांच की गई। चेकिंग के दौरान कुल 15 उपभोक्ता अवैध रूप से विद्युत उपयोग करते हुए पाए गए। उक्त सभी उपभोक्ताओं के विरुद्ध यूपीपीसीएल के नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। एक्सईएन शैलेंद्र कुमार ने समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत का उपयोग वैध संयोजन के माध्यम से ही करें। विद्युत चोरी जैसे दंडनीय कृत्य से बचें। निगम द्वारा ऐसे अभियानों को आगे भी निरंतर चलाया जाता रहेगा। इसी प्रकार के विशेष चेकिंग अभियान टांडा एवं स्वार क्षेत्रों में भी शीघ्र चलाए जाएंगे।

## सार संक्षेप




छात्र-छात्राओं को संबोधित करती वक्ता। -जागरण मोर्चा

### स्टार्टअप योजना से खिलेगा युवाओं का भविष्य

**मिलक।** युवाओं को स्वरोजगार और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से महादेव राम स्वरूप डिग्री कॉलेज में स्टार्टअप इंडिया योजना पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को उद्यमिता के नए अवसरों से अवगत कराया। कार्यशाला में कोऑर्डिनेटर शिवानी और वंशिका ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे एक साधारण विचार को सही मार्गदर्शन और संसाधनों के जरिए सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है। विशेषज्ञों ने स्टार्टअप्स की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में यह न केवल रोजगार के अवसर पैदा कर रहे हैं, बल्कि देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बना रहे हैं। उन्होंने सरकार द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और इन्क्यूबेशन सुविधाओं की जानकारी भी दी। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. आशिफ़ा ने कहा कि वर्तमान समय नवाचार का युग है और युवाओं को पारंपरिक नौकरी के विकल्पों से आगे बढ़कर खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित होना चाहिए।कार्यक्रम में लेक्चरर एवं स्टाफ की मौजूदगी में स्टार्टअप के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अंत में प्रिंसिपल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर स्टार्टअप के प्रति उत्साह और जिज्ञासा दिखाई।

### सपा ने बिलासपुर विधान सभा सीट की कमान प्रमोद गंगवार के हाथ सौंपी

**मिलक।** समाजवादी पार्टी ने मिशन 2027 की तैयारियों के तहत संगठनात्मक ढांचे को धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने 36-बिलासपुर विधान सभा सीट के लिए नए विधानसभा अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। सपा ने बिलासपुर विधान सभा क्षेत्र की कमान प्रमोद गंगवार को सौंपी है। उन्हें आधिकारिक रूप से 36-बिलासपुर विधान सभा का सपा अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रमोद गंगवार लंबे समय से पार्टी में सक्रिय हैं और बूथ स्तर तक उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है। सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर ने बताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में नए सिरे से अध्यक्षों की तैनाती शुरू की है। बिलासपुर सीट पर प्रमोद गंगवार को जिम्मेदारी देने के पीछे संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करना है। सपा का लक्ष्य आगामी चुनाव में जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर कब्जा करना है। इसके लिए पार्टी ने पहले तहसील अध्यक्ष बनाए। अब विधानसभा अध्यक्षों की घोषणा की जा रही है। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद गंगवार से अपेक्षा की गई है कि वह सपा के पीडीए फॉर्मूले को घर-घर तक पहुंचाएं। कमजोर, वंचित वर्गों के उत्थान और उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए बूथ, सेक्टर और जोन कमेटियों का गठन कर संगठन को एकजुट करेंगे। सपा नेतृत्व ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे आमजन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता को जागरूक करें।

# पुलिस अधीक्षक से की शिष्टाचार भेंट

जागरण मोर्चा कार्यालय



एसपी से मुलाकात करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**मिलक।** शुक्रवार को अपना दल एस जनपद रामपुर के जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ सोमेंद्र मीणा पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट की।

पार्टी पदाधिकारियों की समस्याओं से अवगत करवाकर शीघ्र समाधान का अनुरोध किया। जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गंगवार व विधानसभा अध्यक्ष स्वार शरीफ जमील ने पुलिस अधीक्षक को अच्छी कानून व्यवस्था के लिए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विधि मंच चौधरी वीरेंद्र सिंह, विधानसभा अध्यक्ष चमरऊआ महवूव अली पाशा, जिला सचिव रामरतन लाल सागर,जोन अध्यक्ष फैज पाशा,नगर अध्यक्ष दढियाल रहीस अहमद, जिला मीडिया प्रभारी अजय लोधी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 21 अप्रैल को आयोजित होगा एक दिवसीय रोजगार मेला

- रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 4 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत जनपद के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, पुरानी तहसील में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 4 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। प्रमुख रूप से पुखराज हेल्थ केयर प्रा लि, केसीसी इंटरप्राइजेज (साहिबाबाद) तथा सुपरफास्ट मल्टी सर्विस प्रा लि (गौतमबुद्ध नगर) द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर रोजगार मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। मेले में प्रतिभाग हेतु अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार पंजीकरण कर संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है। यदि किसी भी कम्पनी द्वारा अभ्यर्थियों से कॉल अथवा एसएमएस के माध्यम से किसी प्रकार की फीस या धनराशि की मांग की जाती है तो अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का भुगतान न करें। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग को सुदृढ़ बनाना :डॉ. पुष्कर

- भारतीय भाषाओं और विरासत के प्रति रुचि बढ़ेगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रजा पुस्तकालय परिसर में विभिन्न महत्वपूर्ण सलाहकार समितियों—संस्कृत सलाहकार समिति, शैक्षणिक मामलों की सलाहकार समिति तथा अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संबंध सलाहकार समिति की बैठकों का आयोजन किया।

बैठकों का समग्र उद्देश्य पुस्तकालय को एक विश्वस्तरीय शैक्षणिक, शोध एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित करना, संस्कृत सहित विभिन्न भाषाओं की समृद्ध विरासत का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करना तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग को सुदृढ़ बनाना है।इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि रजा पुस्तकालय अपनी समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत के लिए विश्वविख्यात है। जिससे शोध, संरक्षण एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे तथा युवा पीढ़ी में भारतीय भाषाओं और विरासत के प्रति रुचि बढ़ेगी। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रजा पुस्तकालय को 'विश्वस्तरीय अध्ययन एवं अनुवाद संस्थान' के रूप में विकसित करने के हमारे संकल्प की सराहना की है।संस्कृत सलाहकार समिति की बैठक में पुस्तकालय में संस्कृत अध्ययन, संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार को नई दिशा देने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर विचार किया गया। इस क्रम में संस्कृत अध्ययन केंद्र की स्थापना, संस्कृत अनुभाग के सुदृढ़ीकरण, पांडुलिपियों के संपादन, अनुवाद एवं प्रकाशन, तथा सेमिनार, सम्मेलन एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन जैसे महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सहमति बनी। साथ ही, संस्कृत विद्वानों के लिए अनुसंधान, अध्ययन एवं आवश्यक शैक्षणिक सुविधाओं के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। संस्कृत सलाहकार समिति में प्रो. श्रीनिवास वारखेड़ी प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी, लाल बहादुर शास्त्री,विनय कुमार पांडेय शामिल हुए। शैक्षणिक कार्य एकेडमिक अफेयर्स सलाहकार समिति में प्रो. हीरामन तिवारी डॉ के के मोहम्मद,अमित कुमार शर्मा, जावेद अहमद दार, मनीष कुमार वर्मा मौजूद रहे।

# सस्ती दरों पर मिलीं मेले में पुस्तकें



रजा इंटर कालेज में फीता काटकर शुभारंभ करतीं डीआईओएस। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता शिविर पुस्तक मेला का आयोजन राजकीय रजा इंटर कॉलेज में कक्षा 9 से 12 तक पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने फीता काटकर किया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों को सत्र के प्रारंभ में शिविर में बोर्ड द्वारा निर्धारित मूल्य पर पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध कराई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि मेले में कामर्स के अलावा सभी विषयों की पुस्तकें दी गई है।

इस अवसर पर अभिलाष कुमार, शिव शंकर, विनोद कुमार, जगत सिंह, संदीप गौतम, फैजान सईद, अतुल कुमार, देववीर सिंह, सुरेश सैनी के अलावा जनपद के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने बड़ी संख्या में मेले में आदि मौजूद रहे।

# रामपुर में स्थापित सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं का होगा सौंदर्यीकरण

- प्रदेश सरकार ने शुरू की डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की ओर से रामपुर में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित सभी महापुरूषों के स्मारकों को संरक्षित किया जाएगा। सौंदर्यीकरण के साथ ही मूर्तियों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए सरकार की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत नगर विधानसभा क्षेत्र में 50 से अधिक स्मारक स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है।

महापुरूषों, राष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारकों एवं सांस्कृतिक विभुतियों की प्रतिमाएं राष्ट्र के सांस्कृतिक एवं सामाजिक विरासत का प्रतीक हैं। ये मूर्तियां सार्वजनिक स्मृति, सामाजिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय व स्थानीय योगदानकर्ताओं के प्रति सम्मान को दर्शाती हैं। किंतु, कई स्थानों पर स्मारक स्थल तो बने हैं और वहां मूर्तियां भी स्थापित हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। जिस कारण अक्सर मूर्तियों को नुकसान पहुंचने की खबरें आती रहती हैं। ऐसे में अब प्रदेश सरकार की ओर से मूर्तियों की सुरक्षा के साथ ही उन्हें सम्मानजनक स्वरूप प्रदान करने का निर्णय किया गया है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना शुरू की गई है। इसके तहत मूर्ति व स्मारक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

साथ ही यह भी तय किया जाएगा कि उस स्थल पर किसी भी तरह का अतिक्रमण न हो। इसके अलावा स्थल की साफ-सफाई आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजना के तहत नगर विधानसभा क्षेत्र में ऐसे करीब 50 से अधिक स्थलों को चिन्हित किया गया है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि महापुरूषों की मूर्ति उनकी स्मृति एवं समाज के प्रति उनके योगदान का वर्णन करती हैं। इससे न सिर्फ नई पीढ़ी को उनके प्रयासों की जानकारी होती है, बल्कि वो भी अच्छ व समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने बताया कि यह योजना महापुरूषों के प्रति भाजपा सरकार के सम्मान और अहमियत को भी दर्शाती है।

# फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

- फैमिली आईडी से जुड़े लाभों पर डीएम का जोर, पात्रों को मिले प्राथमिकता
- रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ

फैमिली आईडी
एक परिवार, एक पहचान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जिला सहकारी बैंक सभागार में जनगणना-2027, फैमिली आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ग्राम विकास अधिकारियों एवं लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं गणना) को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 07 मई से 21 मई 2026 तक ऑनलाइन स्व गणना का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल होगी। आम नागरिक निर्धारित अवधि में स्वयं पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। इसके पश्चात 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करेंगे।फैमिली आईडी के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि यह 12 अंकीय डिजिटल पहचान प्रणाली है, जिससे पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी लाभ सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन पात्र परिवारों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनका फैमिली आईडी बनाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।विशेष रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित परिवारों, वृद्धजनों, निराश्रित महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद ने फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर से प्राप्त लक्ष्य 2,13,545 (पीएमके) की पूर्ति प्रदेश में सर्वप्रथम पूर्ण कर ली है।

भारत सरकार से प्राप्त संशोधित लक्ष्य 3,07,000 के सापेक्ष अब तक 2,56,900 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई जा चुकी है। शेष 50,115 (पीएमके-6,760 एवं नॉन पीएमके-43,355) किसानों की रजिस्ट्री शेष है। फार्मर रजिस्ट्री का कार्य लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, बीटीएम एवं एटीएम के माध्यम से कराया जा रहा है। इस संबंध में सभी उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारियों को कर्मचारीवार आवंटित ग्राम एवं लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करते हुए 30 अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले पंचायत सहायकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराएंगे, उन्हें 1 मई 2026 से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ तथा 31 मई से अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। जिन किसानों की मृत्यु हो चुकी है, उनके वारिसों को चिन्हित कर उनकी फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित किया जाए। ऐसे प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया है।

**कार्यक्रम** रामपुर चौराहे से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर समापन स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई

# अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शाहबाद में निकाली गई शोभायात्रा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



आंबेडकर शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन पर नाचते गाते युवा। -जागरण मोर्चा



अंबेडकर शोभायात्रा में शामिल झांकी।

**शाहबाद।** अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शाहबाद नगर में भी डॉ बीआर अंबेडकर शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर बाबा साहेब नहीं होते तो दलितों और गरीबो को उनका हक नहीं मिल पाता।

बाबा साहेब के लिखे गए संविधान ने सभी को एक समान हक दिया है। कार्यक्रम का आयोजन जयतोली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में किया गया, जहां मौजूद लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। जिसके बाद नगर में सुंदर झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के जयतोली रोड स्थित अंबेडकर पार्क से शुरू होकर बिलारी बस स्टैंड, पशु चिकित्सालय, चंदौसी तिराहा, बिजलीघर, रामपुर चौराहे से होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरकर समापन स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान बाजे की धुन पर झूमते हुए युवा जय भीम, जय भीम के नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा के दौरान कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक अपराध जयप्रकाश सिंह, एसआई रमेश चंद्र, एसआई अतिशय जैन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# महामारी का दर्द भूल उड़ान भरने को तैयार नौनिहाल

## बालगृह के छात्र देव ने 97.95 प्रतिशत अंक लाकर पेश की नजीर, डीएम बोले- बच्चों की शिक्षा और संरक्षण में नहीं आने देंगे कोई कमी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कोरोना महामारी के काले दौर में अपनों को खोने वाले बच्चों हों या सामान्य परिस्थितियों में बेसहारा हुए नौनिहाल, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना इनके जीवन में नया उजियारा भर रही है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य की राह आसान करने के लिए 5 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए। सरकारी संरक्षण में पल रहे बालगृह के बच्चों की प्रतिभा भी अब परवान चढ़ने लगी है, जिसने प्रशासनिक प्रयासों को सार्थक कर दिया है।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब विभिन्न पात्र बच्चों के हाथों में लैपटॉप आए, तो उनके चेहरे पर भविष्य की उम्मीदें साफ झलक रही थीं। जिलाधिकारी ने नादरबाग की मढ़ैयान निवासी तनिष्का सक्सेना, सांई विहार कालोनी की रिद्धिमा पंकज, बजरिया झब्बू खां की आतिरा गुफरान, चमरौआ के अब्दुल जियान और बिलासपुर की नैना को लैपटॉप सौंपे एक तरफ जहां सरकारी योजनाएं अनाथ बच्चों का सहारा बन रही हैं, वहीं दूसरी तरफ राजकीय बालगृह में पल रहे नौनिहाल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालगृह (शिशु) में वर्तमान में 27 और दत्तक ग्रहण इकाई में 14 मासूमों को सुरक्षित आश्रय मिला हुआ है। सेंट पॉल स्कूल में पढ़ने वाले बालगृह के होनहार छात्र देव ने अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय देते हुए कक्षा-01 की परीक्षा में 97.95 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद देव की इस शानदार कामयाबी ने पूरे रामपुर जनपद और बालगृह प्रबंधन का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है।


छात्रा को लैपटॉप देते डीएम। -जागरण मोर्चा

**अब दफ्तरों के चक्कर नहीं, प्रक्रिया 100 प्रतिशत ऑनलाइन**

योजना को और अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए 19 दिसंबर 2025 से आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। अब आवेदकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। विभागीय वेबसाइट (उड़ेलनच.पद) पर घर बैठे मोबाइल या लैपटॉप से आवेदन किया जा सकता है। जांच और जिला अनुमोदन कमेटी की स्वीकृति के बाद सहायता राशि सीधे बच्चे के व्यक्तिगत बैंक खाते में पहुंचने लगती है। ध्यान रहे, पैसा अभिभावक या जॉइंट खाते में नहीं भेजा जाता है।जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के अनुसार इस योजना का लाभ बच्चों को दो चरणों में दिया जाता है। पहले चरण में 0 से 18 वर्ष तक स्कूली शिक्षा के लिए सहायता दी जाती है। इसके बाद यदि बच्चा स्नातक या डिग्री की पढ़ाई कर रहा है, तो 18 से 23 वर्ष की आयु तक दूसरे चरण का लाभ मिलता है। योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखना है, इसलिए आवेदन में स्कूल का प्रमाण-पत्र लगाना अनिवार्य किया गया है। रामपुर में अब तक कुल 226 बच्चों के आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं। कोविड से अनाथ हुए 123 बच्चों को स्वीकृति मिली थी, जिनमें से 54 बच्चों को वर्तमान में 4000 रुपये प्रतिमाह मिल रहे हैं। वहीं, सामान्य योजना के तहत 103 में से 67 बच्चों को 2500 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। इसके अलावा 49 बच्चों को केंद्र सरकार की स्पॉन्सरशिप योजना (4000 रुपये प्रतिमाह) में स्थानांतरित किया गया है। कोविड योजना में कक्षा 9 से ऊपर पढ़ने वालों को लैपटॉप और बालिकाओं की शादी के लिए 1,01,000 रुपये का अनुदान मिलता है, जबकि सामान्य योजना में ये अतिरिक्त प्रावधान नहीं हैं।

### जिलाधिकारी का सख्त निर्देश और संकल्प

जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा हमारा लक्ष्य है कि कोई भी अनाथ बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। योजना को अब पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। इन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और संरक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर पात्र बच्चे को 23 वर्ष की आयु तक सरकार का पूरा संबल मिलेगा और उनके अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

### एक नजर



### गर्भवती, दिव्यांग, गंभीर रूप से अस्वस्थ शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखा जाए: श्वेता दुहन

**शाहबाद।** 22 मई से शुरू हो रही जनगणना में महिलाओं से संबंधित समस्याओं के बारे में शुक्रवार को बीएसए से मुलाकात करके महिला शिक्षक संघ रामपुर द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में महिलाओं की समस्याओं के बारे में चर्चा की गईं। बीएसए ने समस्याओं को सुनकर संज्ञान लेने का आशवासन दिया। इस मौके पर महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष श्वेता दूहन, महा मंत्री एकता गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राना तलत, सयुंक्त मंत्री अंजू कौशिक, मीडिया प्रभारी चंद्रेश सिंह, उपाध्यक्ष नीरा, विदुषी भारद्वाज, संगठन मंत्री लवीना पाल, नीलम हल्दिया के साथ ज्योति, पारुल, आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### मिलक तहसील गेट से बाइक चोरी

**मिलक।** बृहस्पतिवार को तहसील गेट से दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी का मामला सामने आया है। छत्रपाल ने कोतवाली मिलक में तहरीर देकर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। छत्रपाल ने बताया कि वह 16 अप्रैल को सुबह करीब 11:30 बजे अपने पुत्र संजू की मोटरसाइकिल से तहसील में किसी काम से आए थे। उन्होंने बाइक तहसील गेट पर खड़ी की और अंदर चले गए। काम निपटाकर जब वह बाहर आए तो मोटरसाइकिल गायब थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## किसानों से नहीं हो रही गेहूं खरीद

● कलेक्ट्रेट में पंचायत कर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में हुई किसानों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मिलक, बिलासपुर, शाहाबाद, स्वार, टांडा पूरे जिले की मंडियों में किसानों के साथ समस्या है कि गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है किसी भी केंद्रों पर बोरे ना होने की बात कहकर किसानों को टाला जा रहा है। मंडियों में 2200 से 2300 रुपये तक की खरीद की जा रही है। जोकि एमएसपी मूल्य पर खरीद नहीं की जा रही है। जिले में जिन-जिन स्थानों पर बे मौसम बारिश के कारण जो गेहूं की फैसले बर्बाद हुई जो किसान का नुकसान हुआ हैं। अभी तक उसका सर्वे नहीं कराया गया है। अभी किसानों को कोई राहत दी गई है और ना ही कोई और योजना बनाई गई ऐसा किसानों के साथ नहीं किया जाए। इस मौके पर सुनील मौर्य, फरीद खां, बाबर खां, विजयपाल कैशप, रामदास कोहली, सूरजपाल यादव, मुताहिर खां, मुशीब अली खां, जिला मीडिया प्रभारी अब्दुल रज्जाक खान सहित अधिक संख्या में किसान मौजूद रहे।


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

## 18 दिन में हुई 843 एमटी गेहूं खरीद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जनपद में 18 दिन के भीतर 112 किसानों ने 843 एमटी गेहूं खरीद हुई है। साथ ही 2 करोड़ 19 लाख 360 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। विभागीय से लिए आंकडों में सर्वाधिक खरीद यूपीएसएस एजेंसी द्वारा की गई है। जबकि दूसरे पायदान पर पीसीयू एजेंसी है। खरीद जनपद में 30 मार्च से शुरू हुई है जो कि 15 जून तक आरंभ रहेगी। खरीद के लिए जनपद में 131 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। डिप्टी आरएमओ प्रिंस चौधरी ने बताया कि जिन किसानों की फार्मर आईडी है उन्हें खरीद की जा रही है। किसान केंद्र पर आईडी, कम्प्यूटराइज्ड सत्यापित, खतौनी, खसरा, चकबंदी सहित फोटो लेकर जाएं। फार्मर आईडी में भूमि के विवरण उत्पादक के अनुसार ही गेहूं क्रय किया जाएगा। बटाईदार किसान, भूस्वामी के मध्य लिखित अनुबंध, जिसमें कितनी भूमि बटाईदारी पर है इसका भी मूल प्रमाण देना आवश्यक है। वर्तमान में पंजीकरण किए जाने के उपरांत पूर्व वर्षों की भांति राजस्व विभाग के स्तर से होने वाले सत्यापन को हटा दिया गया है। आईडी समेत अन्य अभिलेखों के साथ क्रय केंद्र पर उपस्थित होने पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा समस्त अभिलेखों को मूल रूप से जांचने के उपरांत निर्धारित मात्रा में गेहूं क्रय किया जाएगा।

## अमन भाई चारे के लिए दुआ

● हजरत हाफिज शाह जमाल उल्लाह, हजरत शाह दरगाही महबूब ए इलाही की पीरी और मुरीदी का वाक्या बयान किया

**रामपुर।** हजरत सैयद वजीर अली मियां के सालाना उर्स में शुक्रवार को कुरआन ख्वानी हुई। असर की नमाज के बाद महफिल मुनाकिद की गई। जिसमें हाफिज महफूज हसन शैरी जमाली ने कुरआन पाक की तिलावत की इसके बाद नाते पाक पेश की गई। मौलाना आरिफ जमाली ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत वजीर अली शाह मियां की जिंदगी पर रोशनी डाली। उन्होंने हजरत हाफिज शाह जमाल उल्लाह, हजरत शाह दरगाही महबूब ए इलाही की पीरी और मुरीदी का वाक्या बयान किया। आखिर में कुल शरीफ हुआ और दुआ कराई गई। इस अवसर पर विक्की मियां, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद अरहान, शरीफ अहमद, अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।


उर्स में दुआ कराते मौलाना आरिफ जमाली। -जागरण मोर्चा

## इस्लाम की बुनियाद तीन चीजों पर हैं : मौलवी रेहान

● जामा मस्जिद में नमाज अदा कराए से पहले की तकरीर

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मौलवी मोहम्मद रेहान खां इमाम जामा मस्जिद ने कहा कि इस्लाम की बुनियादी तीन चीजे हैं नमाज, हज और जकात। कहा कि मस्जिद में जब दाखिल हो तो सर झुकाकर दाखिल हुआ करो। शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले कुतबे को खिताब फरमाते हुए कहे कि दुनिया में मुसलमान के लिए, मक्का मदीना बड़ी कायनात है। यह वह सर जमीं है जहां बुजुर्गों ने सजदे किए है। हज करने वाले यह समझ ले कि यहां पर नमाज और रोजे रखकर फर्ज अदा किया है। इस हज का अहतराम करो। इसके बाद जकात दिल का पाकिजगी है दिल, नफ्ज और रूह को पाक करती है। जकात गरीबों का माल है। जकात कमजोर, मिस्किनों और यतीमों को हिस्सा न देकर खुद खा लिया। पेट में आग भर ली। कहा कि खेतों में फसल तैयार है जो लोग खेतों से फसल या लकड़ी उठाए वह गरीबों का हक वहीं निकालकर तकसीम करें। इसके बाद जुमे की नमाज अदा कराई। अंत में मुल्क में अमन-भाईचारे के लिए भी दुआ कराई।


जामा मस्जिद में बयान करते मौलवी रेहान खां।

## डीएम से लगाई गुहारः "आप ही सहारा, दिलाएं मेरी जमीन"

● व्हाट्सएप-ट्विटर के जरिए 17 अप्रैल को की शिकायत, फिर भी कार्रवाई का इंतजार

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम मानपुर उत्तरी में एक विकलांग किसान ने अपनी जमीन पर कब्जे के मामले में न्याय न मिलने पर जिलाधिकारी से भावुक अपील की है। पीड़ित ने 17 अप्रैल को व्हाट्सएप और ट्विटर (एक्स) के माध्यम से डीएम सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत भेजकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम मानपुर उत्तरी निवासी सफदर अली पुत्र अता हुसैन के अनुसार, उनके नाम से गाटा संख्या 384 की लगभग 0.2140 हेक्टेयर भूमि खतौनी में दर्ज है। लेकिन मौके पर उनकी जमीन कम मिल रही है। आरोप है कि कुछ दबंगों ने उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़ित का कहना है कि वह कई बार तहसील स्तर पर शिकायत कर चुके हैं और पैमाइश भी कराई गई। लेकिन अब तक न तो रिपोर्ट दी गई और न ही जमीन पर कब्जा दिलाया गया। इससे आहत होकर उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया। सफदर अली ने अपनी शिकायत में लिखा। डीएम साहब, आप ही मेरा सहारा हो, मेरी जमीन मुझे दिलवा दीजिए। उन्होंने बताया कि वह शारीरिक रूप से विकलांग हैं और बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने में असमर्थ हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि संबंधित राजस्व कर्मियों की लापरवाही के चलते उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है, जबकि विपक्षी दबंग लगातार दबाव और धमकी दे रहे हैं। किसान ने प्रशासन से निष्पक्ष पैमाइश कराकर अवैध कब्जा हटवाने और उसे उसकी जमीन का वैधानिक अधिकार दिलाने की मांग की है।

## स्कूली छात्र छात्राओं को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ


बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देते टीएसआई। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** नगर के आईएम इंटर कॉलेज में यातायात पुलिस के द्वारा छात्र छात्राओं को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात उपनिरीक्षक नृपेंद्र कुमार ने छात्र छात्राओं को यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। कहा कि कोई भी नाबालिग ड्राइविंग न करें, साथ ही साथ जब भी दो पहिया वाहन चलाएं हेलमेट पहनकर ही चलाएं। साथ ही साथ कार पहिया वाहन चलते समय सेट बेल्ड के प्रयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम के बाद ड्रिंक कर वाहन चला रहे एक व्यक्ति का भी चालान किया गया। इस मौके पर यातायात कांस्टेबल रामप्रकाश सिंह साथ में मौजूद रहे।

## जिला टापर उत्कर्ष को मिला उत्कृष्ट सम्मान, साइकिल पाकर खिला चेहरा

● एक दूसरे से प्रेरणा लेकर बेसिक के बच्चों के शैक्षिक बदलाव पर विचार रखे

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय आय में योग्यता आधारित प्रवेश परीक्षा में जनपद रामपुर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र उत्कर्ष कंपोजिट विद्यालय सरकथल को साईकिल मैन सत्येंद्र पांडे उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्वी द्वारा उनके विद्यालय स्टाफ एवं माता-पिता के उपस्थिति में पुरस्कार स्वरूप रेंजर साइकिल भेंट की गई।

कार्यक्रम में सत्येंद्र ने एक दूसरे से प्रेरणा लेकर बेसिक के बच्चों के शैक्षिक बदलाव पर अपने विचार रखें। नोडल प्रभाकर गौतम ने नोडल शिक्षिका वर्षा गर्ग के निरंतर एवं सफल प्रयासों की सराहना की। जिला अध्यक्ष जूनियर शिक्षक पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ डॉ. राजवीर सिंह ने समस्त स्टाफ के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम बताते हुए अगले वर्ष भी इसी तरह छात्रों को ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रीय आय में योग्यता आधारित प्रवेश परीक्षा में सफल होने की कामना की। नीतू सिंह एआरपी ने बच्चों से इसी लगन से शिक्षा प्राप्त करते रहने की बात कही। एआरपी प्रदीप कुमार ने जनपद में सबसे ज्यादा 9 चयन होने पर विद्यालय की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रोहिताश सिंह, वरिष्ठ शिक्षक तहसीन आलम, किरण भटनागर, अर्शी शरीफ, प्रभा देवी, नरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय सरकथल में साइकिल देते। -जागरण मोर्चा

## मारपीट गाली गलौज करने में महिला पर प्राथमिकी दर्ज

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैसोड़ी निवासी अरशद ने अपनी चचेरी भाभी से कुछ रुपए उधार ले लिए थे। अपनी चचेरी भाभी से रुपए लेनदेन को लेकर कुछ मामूली विवाद था जिस संबंध में अरशद की भाभी ने कोतवाली में अपने देवर अरशद के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया था मिलक पुलिस द्वारा अरशद तथा उसकी चचेरी भाभी को थाने पर बुलाया गया था 14 अप्रैल को लगभग 12:15 बजे अरशद तथा उसकी चचेरी भाभी थाने में मौजूद थी। तभी अरशद की चचेरी भाभी ने गुस्से में आकर अपने देवर अरशद को पुलिस की मौजूदगी में गाली गलौज करने लगी तभी अचानक अरशद के थप्पड़ भी मार दिए और जान से मारने की धमकी देने लगी।

कहने लगी कि मैं महिला हूं तुझे झूठे मुकदमे में फसा दूंगी अरशद अपनी भाभी का ऐसा कृत्य देखकर काफी परेशान हो गया और यह सारा मामला कोतवाली में लगे कैमरे में कैद है अरशद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है।

आयोजन | विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कथा का किया गया आयोजन

## भैरव बाबा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, जलाभिषेक को लगी लंबी कतारें

● हर महीने की 17 तारीख को लगता है भव्य मेला, खिचड़ी भंडारे में हजारों श्रद्धालु शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** नगर के हाईवे स्थित मेहंदी नगर में श्री दयामय अमर भैरव बाबा मंदिर परिसर में शनिवार को मासिक मेले का आयोजन हुआ। हर महीने की 17 तारीख को लगने वाले इस मेले में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मनौतियां मांगीं। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और जलाभिषेक के लिए लंबी कतारें लग गईं। मंदिर में भैरव बाबा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का नए वस्त्रों से भव्य श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कथा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य पुजारी प्रेम शंकर ने श्रद्धालुओं को धर्म और ज्ञान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि "ज्ञान की प्राप्ति ही मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य है और सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में शक्तिशाली होता है।कथा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।मेले के चलते मंदिर के सामने हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और वाहनों को सुचारू रूप से निकलवाया। लोगों के अनुसार हर महीने की 17 तारीख को लगने वाला यह मेला क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।



मंदिर में लगी भक्तों की लाइन। -जागरण मोर्चा

# सीएचसी में बंद कमरे में मिला लापता फार्मासिस्ट का शव

## पिछले मंगलवार से लापता थे फार्मेसिस्ट, शव के पास मिले दो मोबाइल पुलिस ने कब्जे में लिए, फारेंसिक टीम ने पहुंच साक्ष्य जुटाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** सीएचसी के फार्मेसिस्ट का शव परिसर में बने बंद एक कमरे से बरामद किया। फार्मेसिस्ट मंगलवार से लापता बने हुए हैं। सोमवार की रात ड्यूटी की थी। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फारेंसिक टीम पहुंच साक्ष्य जुटाए। फार्मेसिस्ट बंद कमरे में कैसे पहुंचे पुलिस इसकी जानकारी करने में जुटी हैं।


मोहन पाठक का फाइल फोटो।

पिछले काफी समय से मोहन पाठक व उनकी पत्नी हेमा पाठक सीएचसी में फार्मेसिस्ट पद पर तैनात है। वह आवास विकास पुष्प विहार में रहते हैं। मूल रूप से रानीखेत के नेयरकोट के निवासी है। यह पिछले काफी समय से कैंसर से पीड़ित थे और नली द्वारा भोजन करते थे। जिससे उनके हमेशा नाक में नली लगी रहती थी। फार्मेसिस्ट ने सोमवार की रात सीएचसी में ड्यूटी की थी। इसके बाद मंगलवार से फार्मेसिस्ट न तो घर पहुंचे और न ही ड्यूटी पर गए। वह मंगलवार से गायब हो गए। उनकी पत्नी ने बताया कि उनके पति पर दो मोबाइल थे, जिसमें एक बंद आ रहा तथा दूसरे मोबाइल पर बेल जा रही थी। मगर फोन रिसीव नहीं हो रहा था। इसके बाद बुधवार की दोपहर से वह मोबाइल भी बंद हो गया। इसके बाद परिजन फार्मेसिस्ट की काफी तलाश की। मगर कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार की फार्मेसिस्ट की पत्नी हेमा पाठक ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करने को तहरीर दी। सीएचसी परिसर में सीएमओ के चालक फतेह सिंह परिवार के साथ एक आवास में रहते हैं। उनके बराबर में पिछले डेढ़ वर्ष से एक कमरा बंद पड़ा है। शुक्रवार की दोपहर चालक की पत्नी उर्मिला को घर सटे बंद पड़े कमरे की ओर से दुर्गंध आई। उन्होंने सीएचसी प्रभारी हरवेंदर सिंह को अवगत कराया। सूचना के बाद सीएचसी प्रभारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। कमरे के रोशनदान से सीएचसी प्रभारी ने मोबाइल से वीडियो बनाई। जिसमें एक शव पड़ा दिखा। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची गई। कमरे का कुंडा तोड़ा तो शव पड़ा था। जो काफी पुराना होने पर फूल हो गया था। घटना की सूचना पर फार्मेसिस्ट की पत्नी हेमा पाठक भी पहुंच गई। उन्होंने शव की शिनाख्त अपने पति के रूप में की। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव के पास से एटीएम, आधार कार्ड, दो मोबाइल, कुछ बर्तन व कपड़े एक बैग से बरामद किए। सूचना पर फारेंसिक टीम भी पहुंच गई। जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मगर इसकी जानकारी नहीं हो सकी कि फार्मेसिस्ट डेढ़ वर्ष से बंद पड़े कमरे में कैसे पहुंचे। फार्मेसिस्ट का बड़ा पुत्र अंश पाठक बाहर रहकर एमबीबीएस व दूसरा पुत्र वंश बीटेक कर रहा है। वहीं घटना के बाद से सीएचसी का स्टाफ भी गमगीन बना है। स्टाफ में मौजूद लोग फार्मेसिस्ट के व्यवहार को काफी अच्छा बता रहे थे और उनके साथ कार्य करने के पल को याद कर आपस में बातचीत कर रहे थे।


घटनास्थल पर पुलिस से जानकारी करते सीओ। –जागरण मोर्चा


घटनास्थल पर लगीं महिलाओं की भीड़। –जागरण मोर्चा

*सीएचसी परिसर में डेढ़ वर्ष से कमरे से फार्मेसिस्ट का शव मिला है। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव के पास से मिले दो मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में लिया है। फिलहाल घटना की जांच कराई जा रही है।*
*–दीपक तिवारी, सीओ, चन्दौसी*

### एक नजर

#### युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की दोपहर 2 बजे 25 वर्षीय युवक कमरे में फंदे पर लटक आत्महत्या कर ली। परिजन युवक को लेकर निजी चिकित्सक पर पहुंचे। यहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजन युवक की तबियत खराब होने से मौत होना बता रहे हैं। परिजनों ने बिना किसी पुलिस कार्रवाई के आनन-फानन में अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक की मौत की सूचना मिली थी, लेकिन परिजनों में बीमारी से मौत होना बताया।

#### शॉर्ट सर्किट से फ्रिज में धमाके के साथ लगी आग

**गजरौला।** जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अंबेडकर नगर में अंकित पुत्र लटूरी का परिवार रहता है। शुक्रवार की सुबह घर की रसोई में रखे फ्रिज में शॉर्ट सर्किट के बाद तेज धमाका के साथ आग लग गई। घटना के बाद घर में मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई और उन्होंने घर के बाहर भाग कर अपनी जान बचाई।


समिति द्वारा जरुरतमंद कन्या की शादी में दिया सामान। –जागरण मोर्चा

# जरुरतमंद कन्या की शादी में सहयोग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनकल्याण सेवा समिति की ओर से जरुरतमंद कन्या की शादी को सामान भेंट किया गया। बताया कि 8 अप्रैल को एक जरुरतमंद कन्या की शादी के लिए काफी सामान दिया था।

इसके बाद शुक्रवार को दूसरी कन्या की शादी के लिए समिति की पदाधिकारियों के सहयोग काफी सामान भेंट किया गया। बड़ा बाजार स्थित समिति अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय के आवास पर कन्या को बुलाया गया। जहां उसकी शादी के लिए साडी, सूट, बैटशीट, पेंट-शर्ट, एक टीन रिफाइंट, हाट केश, चीनी, मसाले, गिफ्ट आदि सहयोग के रूप में दिए गए। समिति पदाधिकारियों ने निर्णय लिया गया कि उनके संज्ञान में कोई जरुरतमंद कन्या आती है, तो प्रतिमाह कम से कम एक कन्या की शादी के लिए जरुर सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर भावना गुप्ता, मीनू फैंसी, रेखा रस्तोगी, सीमा फैंसी, पूनम वार्ष्णेय, पूर्णिमा, सारिका, अंशु वार्ष्णेय, दया वार्ष्णेय, कांता, अनामिका, नीलम, रचना, दिनेश चंद्र गुप्ता, दुष्यंत कुमार आदि मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत शुक्रवार को कृष्ण कुमार, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन क्षेत्राधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में किया गया।

अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम में नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रमों में महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने बालिकाओं को शिक्षा, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार की असहज स्थिति या उत्पीड़न की घटना होने पर तुरंत पुलिस सहायता लेना आवश्यक है। महिलाओं को यह भरोसा दिलाया गया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। अभियान के अंतर्गत एंटी रोमियो टीम द्वारा भी प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कालेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।


छात्राओं को जागरूक करतीं एण्टी रोमियो की टीम। –जागरण मोर्चा


नारी शक्ति वंदन प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। –जागरण मोर्चा

## नारी सशक्तिकरण ही समाज की प्रगति का आधार

**चन्दौसी।** नगर के श्री अक्रूरजी कन्या पाठशाला इंटर कालेज में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत शौर्य प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कराया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा अनुशासन एवं वीरता के प्रदर्शन के लिए आत्मरक्षा तकनीक का प्रदर्शन किया गया। बालिकाओं द्वारा महिला विभूतियों के जीवन पर आधारित लोक नृत्य जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां की गईं। बालिकाओं द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना तथा छात्राओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। उन्होंने आगे कहा कि नारी सशक्तिकरण ही समाज की प्रगति का आधार है तथा शिक्षित और आत्मनिर्भर नारी ही देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने सभी छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ऋचा वर्मा, मोनिका व समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।


ब्राह्मण महिला सभा के कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# महिलाओं को सम्मानित करके मनाया परशुराम भगवान का जन्मोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** चन्दौसी के एबीसी मांटेसरी स्कूल में ब्राह्मण महिला सभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष रंजना शर्मा और संगीता भार्गव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भगवान परशुराम को विष्णु का छठा अवतार बताते हुए उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, सुमन मिश्रा और आशा सारस्वत को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मेधावी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

# सड़क सुरक्षा को पुलिस का जागरूकता अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री कृष्ण कुमार पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में बहजोई कस्बे के मुख्य चौराहों और व्यस्त मार्गों पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था।

अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा वाहन चालकों को रोककर उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि हेलमेट दुर्घटना के समय जीवन रक्षक साबित होता है। वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल पर बात करना या मैसेज देखना चालक का ध्यान भटका देता है, जिससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। अभियान के दौरान सेफ ड्राइव, सेव लाइफ जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कई स्थानों पर पंपलेट वितरित किए गए तथा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को विनम्रता के साथ समझाते हुए यह संदेश दिया कि नियमों का पालन केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि सभी लोग यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें, तो सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।


लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक करती यातायात पुलिस।

**सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया पुलिस ने एक व्यापक जागरूकता अभियान**


अभियान का फीटा काटकर आरंभ करती जिला पंचायत अध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

## 8 किशोरियों का किया गया सर्वाइकल टीकाकरण

**चन्दौसी।** सीएचसी में सर्वाइकल कैंसर को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को अभियान का आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष व सीएचसी प्रभारी ने फीता काटकर किया। अभियान के तहत 8 किशोरियों का टीकाकरण कर उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। शुक्रवार की सुबह 11 बजे सीएचसी परिसर में सर्वाइकल कैंसर को लेकर अभियान का आरंभ किया गया। जिसका आरंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव व सीएचसी प्रभारी डा. हरवेंदर सिंह ने फीता काटकर किया। इसके मौजूद 8 किशोरियों का टीकाकरण किया। इसके उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। डा. हरवेंदर सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य 14 वर्ष की आयु की किशोरियों को सर्वाकिल कैंसर से बचाने के लिए निशुल्क टीका लगाया जा रहा है। यह 90 दिन का सघन अभियान है, जो सरकारी अस्पताल में चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य 2030 तक सर्वाइकल कैंसर के मामलों में भारी कमी लाना, क्योंकि भारत में इसके 25 प्रतिशत वैश्विक मामले दर्ज होते हैं। यह टीका सुरक्षित है और सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों को रोकने में महत्वपूर्ण कदम है।

**संविधान-संगोष्ठी** | बाबा साहेब के आदर्शों और सामाजिक समरसता पर चर्चा

# बाबा साहब के विचार समाज के लिए आज भी मार्गदर्शक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में अंबेडकर सम्मान अभियान के अंतर्गत एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान में उनके अतुलनीय योगदान को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

संगोष्ठी में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने डा. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष, सामाजिक समरसता, समानता और न्याय के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डा. बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने एवं समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सभी ने डा. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में वरिष्ठ जनों जगदीश बाल्मीकि, रामोतार जाटव, वीरपाल जाटव, बाबू राम दिवाकर, सोहनलाल बाल्मीकि, कालीचरण दिवाकर, नरेंद्र प्रधानाचार्य आदि को शाल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साध्वी गीता प्रधान ने तथा संचालन जिला महामंत्री मनोज कठेरिया ने किया। इस दौरान रामपाल सिंह, सुधीर मल्होत्रा विनोद कुमार बिन्नी, अंकुर अग्रवाल, ललित मोहन शर्मा, हिरदेश राणा, हरवेश राघव, राजेंद्र मौर्य, रामनरेश यादव, सुशील पाल, शिवेंद्र कुमार, चंद्रसेन दिवाकर छोटू, रोहित दिवाकर, तरुण नीरज, देवेंद्र गुप्ता, ऋतिक चौधरी, डा अमित, मनोज दिवाकर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


वरिष्ठ लोगों को सम्मानित करती राज्यमंत्री गुलाब देवी।

# महिला सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत ब्लाक सभागार बनियाखेड़ा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से नारी शक्ति, उनकी भूमिका एवं समाज में उनके योगदान को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत पद यात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। पद यात्रा के माध्यम से समाज में महिला सशक्तिकरण, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं के सम्मान एवं उनके उत्थान के लिए प्रतिबद्ध रही है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में अधिक प्रतिनिधित्व देकर उन्हें निर्णय प्रक्रिया में बराबरी का अवसर प्रदान करना है। ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह ने कह कि इस कानून के माध्यम से महिलाओं को लगभग 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है, जिससे वे देश की नीतियों और विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। यह केवल आरक्षण नहीं, बल्कि महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का एक मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कठेरिया द्वारा किया गया।

इस दौरान चौधरी हरेंद्र सिंह, साध्वी गीता प्रधान, सुधीर मल्होत्रा, विकास वार्ष्णेय, उमा श्रीवास्तव, सीमा शर्मा, रेखा सैनी, पूजा राणा, गुड़िया सैनी, अंजू आर्य प्रजापति, राजकुमार यादव, विजय यादव, शिवेंद्र, राजपाल राणा, पुष्प लता पाल, रामपाल सिंह, पुष्पा, जमुना, प्रवेश, दानवती एवं बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।


सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के विजेता बच्चें व ब्लाक प्रमुख। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्राथमिक दर्ज

**छजलैट।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने ससुराल वालों पर 5 लाख रुपए दहेज मांगने व खौलता तेल डालने और बच्चों को जहर देने की धमकी देने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम मुस्तापुर खांडसाल निवासी रहीमीन पुत्री कबीर अहमद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका निकाह 14 वर्ष पूर्व मुकदम पुत्र अख्तर निवासी सलावा खेड़ा थाना छजलेट के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। उसके पांच बच्चे भी हैं। शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले परेशान करने लगे। उसकी नंद खैरुल, नंदोई शकील, दूसरी नंद व नंदोई, पति मुकदम आदि ने उसके ऊपर खोलता गर्म तेल डाल दिया था। पीड़ित ने अपने नंदोई पर भी गंभीर आरोप लगाया और दहेज में 5 लख रुपए मांगने का आरोप लगाया। पांच बच्चों को जहर देकर मारने की धमकी देने का आरोप भी ससुराल वालों पर लगाया है। इससे पहले दो वर्ष की एक महिनूर लड़की को उसके ससुराल वाले जहर दे चुके हैं। वह बड़ी मुश्किल से ठीक हुई है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

## डीएम ने बीएसए को इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** तहसील में निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एक छात्रा की वीडियो वायरल होने और अभिभावकों व किसानों की लगातार शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) प्रवेश यादव की जांच में जनपद के तीन निजी स्कूल दोषी पाए गए हैं। इन स्कूलों पर अधिक मूल्य पर किताबें बेचने, एक ही दुकानदार से किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने और एनसीईआरटी के बजाय अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें प्रयोग करने का आरोप है। डीआईओएस की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को तीनों विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीआईओएस को सीबीएसई और यूपी बोर्ड से संबंधित निजी स्कूलों की जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद डीआईओएस ने ब्लॉक वार छह टीमों का गठन किया, जिनमें प्रत्येक टीम में तीन सदस्य शामिल थे। इन टीमों से एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण रिपोर्ट मांगी गई थी। जांच टीमों ने हर ब्लॉक में स्कूलों का दौरा कर पड़ताल की। इस जांच में तीन विद्यालय दोषी पाए गए हैं, जिनमें सेंटमेरी कॉन्वेंट स्कूल कौराल, मानव रचना द स्कूल पेली तगा नौगावां रोड अमरोहा और एसएलजे पब्लिक स्कूल हाकमपुर हसनपुर शामिल हैं। इन स्कूलों में छात्र-छात्राओं को अधिक मूल्य पर पुस्तकें बेची जा रही थीं और एक ही दुकानदार से किताबें खरीदने का दबाव बनाया जा रहा था। साथ ही, एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाय अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें इस्तेमाल की जा रही थीं। डीआईओएस की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद डीएम ने सख्त रुख अपनाया है। चूंकि ये तीनों विद्यालय बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित होते हैं, इसलिए डीएम ने बीएसए को इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई परशुराम जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा शुक्ल भवन में भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में अनुयायियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। संगठन के संरक्षक रोहताश कुमार शर्मा ने उन्हें न्याय और सम्मान का प्रतीक बताते हुए उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव डॉ. रविंद्र शुक्ल ने शस्त्र और शास्त्र शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जबकि डॉ. राजीव शुक्ल ने समाज से कुरीतियां त्यागने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में जिला टॉपर रहीं अक्षिता शर्मा को उनकी उपलब्धि पर माता-पिता सहित विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में भारी संख्या में प्रबुद्ध जन और समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर पलटने से घायल चालक की दिल्ली में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



मृतक मनीराम का फाइल फोटो।

**हसनपुर।** सैदनंगली थाना क्षेत्र के विजनौरा सकतपुर के बीच हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल ट्रैक्टर चालक की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार को गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव कोकापुर की मढैया निवासी मनीराम पुत्र रमेश 28 वर्षीय बुधवार को सैदनंगली के ट्रैक्टर बाजार गया था। देर शाम वापिस लौटते समय विजनौरा व सकतपुर के बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खंदक में पलट गया, जिसमें मनीराम ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से हो गया था। ग्रामीणों वह रहागीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और नगर की सीएचसी में भर्ती कराया, जहाँ से चिकित्सा कौन है हालत गंभीर देखते हुए घायल को घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन घायल युवक को दिल्ली के अस्पताल ले गए जहां गुरुवार की शाम दिल्ली में उपचार के दौरान मनीराम ने दम तोड़ दिया।मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक अपने पीछे पत्नी विमलेश व दो मासूम बेटियों को रोते बिलखते छोड़ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# गैस बुकिंग और केवाईसी के लिए गैस एजेंसियों पर उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



गैस एजेंसी पर लगी लाइन। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** घरेलू गैस की किल्लत के चलते उपभोक्ताओं को सिलेंडर के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है और सिलेंडर लेने के लिए उन्हें भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। वही नगर में स्थित एजेंसी पर उपभोक्ताओं की प्रातः से ही लाइन लगनी शुरू हो जाती है उपभोक्ता एजेंसी पर गैस बुकिंग और केवाईसी कराने के लिए लाइन में लग रहे हैं, वहीं उपभोक्ताओं की भीड़ को देखते हुए एजेंसियों पर पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को नगर स्थित तीनों गेस एजेंसियों पर गैस उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी रही, उपभोक्ताओं के द्वारा एजेंसी पहुंचकर बुकिंग एवं केवाईसी कराई जा रही है।एजेंसी संचालकों का दावा है कि बुकिंग के आधार पर ग्राहकों को सिलिंडर दिए जा रहे हैं। पूर्व में रसोई गैस आसानी से उपलब्ध हो जाने के कारण भी उपभोक्ताओं को बुकिंग की जरूरत नहीं पड़ी।ऑनलाइन बुकिंग के अनुसार पहुंचे उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर का वितरण भी किया जा रहा है। उसके बावजूद गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। इससे कर्मचारी भी परेशान है।

## शराब दुकान पर अवैध कब्जे का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर पंचायत सैदनगली के पीड़ित अजयपाल सिंह ने अपनी देशी शराब की दुकान पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जे और आबकारी अधिकारियों की मिलीभगत के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। पीड़ित के अनुसार, बहादुरपुर मिश्र स्थित उनकी दुकान का अनुबंध 31 मार्च 2026 को समाप्त हो चुका है, लेकिन पूर्व संचालक नितिन कुमार जैन न दुकान छोड़ रहा है और न हिसाब कर रहा है। अजयपाल का आरोप है कि जिला आबकारी कार्यालय में अधिकारियों ने उन पर दुकान नितिन को सौंपने का दबाव बनाया और धमकी दी। साथ ही, मुरादाबाद के रसूखदारों से भी उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से न्याय और सुरक्षा की मांग की है।

## ईंट की मिट्टी को लेकर मजदूरों के बीच मारपीट, दो घायल, एक की हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायल। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में ईट पाटने की मिट्टी को लेकर 2 मजदूर परिवार में जमकर मारपीट हुई मारपीट में दोनों पक्षों के दो महिलाएं घायल हो गई, घायल हालत में पीड़िता कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी,पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेजा,जहां एक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी सुनीता पत्नी ओम सिंह व अंशिका पुत्री बदन सिंह गांव में स्थित ईट भट्टे पर मजदूरी का कार्य करते हैं। गुरुवार की देर शाम ईट बनाने वाली मिट्टी को लेकर दोनों मजदूर पक्षो के बीच कहा सुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष की सुनीता व दूसरे पक्ष की अंशिका घायल हो गए देर रात घायल कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर दी।पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया ।जहां सुनीता की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि अंशिका का उपचार नगर के सीएचसी में चल रहा है। जब इस बारे में हल्का इंचार्ज लोहर सिंह से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## संक्षेप समाचार

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला की हालत गंभीर



घायल महिला। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र से एक गांव निवासी महिला को जहरीले कीड़े के द्वारा काट लिया गया,जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और परिजनों द्वारा उसे आनन फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया, उपचार के बाद महिला की हालत सही बताई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी पूनम पत्नी अरविंद सिंह शुक्रवार की सुबह घर के पीछे बने बोगे से भूसा निकाल रही थी, भूसा निकलते समय पूनम के जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई और वह बेहोश हो गई। परिजनों द्वारा तुरंत पूनम को नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका उपचार किया गया। उपचार के बाद पूनम की हालत में सुधार बताया जा रहा है। सीएचसी में तैनात डॉक्टर मुदित द्वारा बताया गया कि महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया था उपचार के बाद उसकी हालत सही है।




### डिप्टी एसपी ने किया मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर का उद्घाटन

**कांठ।** श्री बालाजी मोबाइल रिपेयरिंग केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें सेंटर मालिक ने आश्वासन देते हुए बताया कि मोबाइल रिपेयरिंग के साथ-साथ अच्छी सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नगर में रेलवे स्टेशन के पास श्री बालाजी मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर का शुक्रवार को पूर्व डिप्टी एसपी संजय कुमार बिश्नोई द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। जिसमें सेंटर स्वामी दीपू गोला ने बताया कि मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर में जो भी मोबाइल रिपेयरिंग किए जाएंगे, उसको अच्छी गुणवत्ता के साथ रिपेयरिंग की जाएगी और सस्ते दर होगी। उन्होंने बताया कि जनता की सेवा ही हमारा उद्देश्य है, ताकि क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर बिश्नोई समाज के संत जगदेवानंद महाराज, सुखबीर सिंह, ओम सिंह बिश्नोई, ओंमकार सिंह, कुलबीर सिंह, राजन कुमार, बबलू सिंह आदि उपस्थित रहे। दीपू गोला ने आए हुए अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

### पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट प्राथमिक की दर्ज

**कांठ।** पुरानी रंजिश को लेकर आपस में लाठी डंडे चले। जिसमें महिला सहित कई व्यक्ति घायल हो गए। पीड़ित पक्ष में थाने में चार के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई है। कांठ थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी राजीव चौहान व दूसरे पक्ष के पृथ्वी सिंह आदि में पुरानी काफी समय से चल रही है। बुधवार की शाम काल लगभग 8 :30 के करीब पुरानी बात को लेकर दोनों पक्षों में पहले गली गलौच हुई, इसके बाद पृथ्वी सिंह पुत्र शेर सिंह, सौरभ पुत्र पृथ्वी सिंह, मोहित पुत्र महावीर सिंह, पवन पुत्र धर्मपाल सिंह ने राजीव के घर में घुसकर गाली गलौज की। इसके बाद चारों ने लाठी डंडों से हमला कर राजीव और उसकी विधवा मां गीता देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घायल को लेकर परिजन थाना कांठ पहुंचे। पीड़ित पक्ष में थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### महिला के साथ मारपीट करके किया घायल

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला को उसके जेठ और जेठानी ने लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं निवासी टीटू की पत्नी संगीता का आरोप है कि उसके साथ उसके जेठ मुकेश व गजेन्द्र और जेठानी रूपवती व पूनम ने गाली गलौच करते हुए लाठी डंडो से मारपीट करके घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों ने मुकेश, गजेन्द्र, रूपवती व पूनमके विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### वाणिज्य कर अधिकारी बनने पर धर्मप्रकाश पवन का स्वागत

**गजरौला।** भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के कार्यकर्ताओं ने यूपीपीसीएस की परीक्षा में वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर चयनित हुए अभ्यर्थी धर्म प्रकाश पवन को सम्मानित किया। गुरूवार की देर शाम ब्लॉक क्षेत्र के गांव अहरौला तेजवन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरपाल सिंह के प्रतिनिधि विपिन सागर एवं संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष दयाराम गौतम ने धर्म प्रकाश पवन को सम्मानित करके उत्साहवर्धन किया। बता दें कि धर्म प्रकाश अमरोहा के रामहठ गांव के निवासी हैं और वर्तमान में हैदराबाद में जीएसटी एंड कस्टम्स विभाग में सुपरिटेंडेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने इस पद पर सेवा करते हुए तैयारी करके वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

## हस्तशिल्प निर्यातः अधिकारी-उद्यमी मंथन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** निर्यात संवर्धन परिषद हस्तशिल्प (ईपीसीएच) द्वारा शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 को दिल्ली रोड स्थित ईपीसीएच हाउस में एक दिवसीय 'उद्योग संवाद' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (एमएचईए), यंग एंटरप्रेन्योर सोसाइटी (यस) और इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन (आईआईए) ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त उद्योग (जीएमडीआईसी) दीपेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर सत्र का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने जिला उद्योग केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं और नई औद्योगिक नीतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने निर्यातकों के साथ सीधे संवाद के माध्यम से उनके व्यापार में आ रही चुनौतियों और तकनीकी समस्याओं को गंभीरता से समझा। दीपेंद्र कुमार ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि शासन और प्रशासन निर्यात क्षेत्र को बढ़ावा देने और निर्यातकों की बाधाओं को दूर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर ईपीसीएच के अध्यक्ष नीरज खन्ना और क्षेत्रीय संयोजक अवधेश अग्रवाल ने निर्यात वृद्धि के लिए सरकार और निर्यातकों के बीच निरंतर संवाद को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में नाज़मुल इस्लाम, जे.पी. सिंह, पुनीत आर्य सहित भारी संख्या में निर्यातक और उद्यमी मौजूद रहे, जिन्होंने वैश्विक बाजार की प्रतिस्पर्द्धा और बुनियादी सुविधाओं पर अपने विचार साझा किए।

## कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कोतवाली गेट पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों द्वारा आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली गेट पर प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी रघुवीर पुत्र यादराम ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली गेट पर शुक्रवार को प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीड़ित रघुवीर द्वारा तहरीर देकर अवगत कराया गया कि वह गुरुवार की देर रात्रि करीब 8 बजे नगर में स्थित एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव मोटरसाइकिल से जा रहा था। गांव निवासी एक युवक द्वारा रहरा बस स्टैंड चौराहे से पीड़ित की बाइक का पीछा बुलेरो कार से करने लगा।आरोप है कि जैसे ही पीड़ित अलीगढ़ मार्ग पर तीसरे मिल के निकट पहुंचा तो आरोपी के द्वारा अपनी बोलोरो गाड़ी से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पीड़ित की टांग एवं सीने में चोट आई है। पीड़ित रघुवीर द्वारा शोर मचाने पर दावत खाकर लौट रहे गांव के ही दो व्यक्ति घटनास्थल पर पहुंच गए। पीड़ित द्वारा डायल 112 पुलिस को फोन करके घटना की सूचना दी। कुछ दूरी पर आरोपियों की गाड़ी खेत में फस गई तो आरोपी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। पीड़ित रघुवीर द्वारा आरोपी के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में अमर सिंह, अजयपाल, बीरबल, चंपत, फतेह सिंह, तेजपाल सिंह, वीरपाल, लकीचंद, नैनसिंह आदि लोग रहे।

**आयोजन** जम्भ वाणी कथा के समापन पर हवन, गोष्ठी और जीव-दया का लिया संकल्प

# सात दिवसीय श्री जम्भ वाणी हरिकथा का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



कथा के समापन पर हवन का आयोजन करते। -जागरण मोर्चा

**कांठ।** कथा के समापन पर शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे से 11:00 तक भव्य हवन का आयोजन किया गया। उसके पश्चात श्रद्धालुओं को पाहल देकर कार्यक्रम के अनुसार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेंद्र पाल सिंह व भीमगोड़ा हरिद्वार के महंत प्रणवानंद महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम के दौरान वक्ताओ ने समाज मे पुरानी कुर्तियां और शिक्षा के बारे में अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में आए अतिथियों व संतों का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रणवानंद महाराज ने बताया कि सात दिवसीय श्री जम्भ वाणी हरि कथा के प्रचार प्रसार कार्यक्रम में चार चांद लग गए हैं। उन्होंने बताया की ऐसे कार्यक्रम सभी के सहयोग से होता है और सभी गांव वासियों ने बहुत ही मेहनत लगन और सत्यता से अपने काम को किया है। जिसमें नवयुवकों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस भव्य कार्यक्रम में कांठ, मुरादाबाद, गाजियाबाद, काशीपुर, बरेली, लखनऊ, रामपुर, मुंबई, दिल्ली, हरियाणा आदि स्थानों से भारी संख्या में बिश्नोई समाज के धर्म प्रेमी उपस्थित रहे, जिनको धन्यवाद देते हुए उन्होंने बताया कि जब समाज एकत्रित होता है तो बहुत खुशी होती है। उन्होंने बताया कि गुरु जंभेश्वर भगवान द्वारा बनाए गए सभी 29 नियमों का सभी को पालन करना चाहिए। हम सभी का कर्तव्य है कि जीव जंतु और पर्यावरण की रक्षा करें, जिससे कि जीवन को एक स्वच्छ आधार मिल सके। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जहां भी कथा का आयोजन होगा। वहां पर बिश्नोई समाज भारी संख्या में पहुंचने का कष्ट करें। इस मौके पर पूर्व डिप्टी एसपी संजय कुमार बिश्नोई, रविंद्र पाल सिंह, ओम प्रकाश बिश्नोई काशीपुर, अभय बिश्नोई, राजन बिश्नोई, ज्ञानेंद्र बिश्नोई, श्री ओम बिश्नोई, डॉक्टर अतुल बिश्नोई, मां अमृता देवी प्रेरणा ट्रस्ट के महासचिव महेंद्र सिंह बिश्नोई एडवोकेट, संत समाज व अन्य कार्य करता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सचिन बिश्नोई द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र बिश्नोई ने सभी आए हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया।

## डीआईजी के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**छजलैट।** उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में तैनात एक सिपाही की पत्नी ने दहेज लोभियों के उत्पीड़न से तंग आकर मुख्यमंत्री और डीआईजी से आत्महत्या की अनुमति मांगी है। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सुनवाई न होने और ससुराल वालों के रसूख के कारण उसे न्याय नहीं मिल रहा है। डीआईजी मुरादाबाद के हस्तक्षेप के बाद थाना छजलेट पुलिस ने सिपाही पति सहित नौ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिविल लाइंस निवासी शीतल की शादी 29 नवंबर 2025 को छजलेट के अनयारी निवासी अमित कुमार (सिपाही) के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में 20 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद ससुराल पक्ष स्कॉर्पियो गाड़ी की मांग को लेकर अड़ गया और 15 लाख रुपये नकद मांगने लगा। मांग पूरी न होने पर सास-ससुर, देवर और ननद ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार, उसका पति 2 फरवरी 2026 से फरार है और उसने उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया है। शीतल ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के कई सदस्य सचिवालय और न्यायालयों में ऊंचे पदों पर तैनात हैं, जो उसे मुख्यमंत्री और कोर्ट के नाम पर डराते-धमकाते हैं। फतेहपुर चौकी में सुनवाई न होने से आहत होकर विवाहिता ने डीआईजी को पत्र भेजकर अपनी जान देने की अनुमति मांगी। फिलहाल पुलिस ने पति अमित, ससुर विजेंद्र, मामा सुभाष, नरेश और महेश समेत नौ आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

## सम्पादकीय

# नशे की गिरफ्त में युवा और भटकता भविष्य

पाश्चात्य प्रभाव हो या अंधाधुंध आधुनिकता का गहरा होता आकर्षण, महानगरीय जीवनशैली में इसके दुष्परिणाम अब स्पष्ट दिखने लगे हैं। विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत भटकाव नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक संकट का संकेत भी है। पंजाब से शुरू हुई यह समस्या अब दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हिमाचल जैसे अपेक्षाकृत शांत क्षेत्रों तक फैल चुकी है, जो चिंतनीय है। युवा, जिन्हें देश का भविष्य माना जाता है, आज नशे और तथाकथित 'रंगीन जीवनशैली' के जाल में उलझते जा रहे हैं। इसका परिणाम केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि सामाजिक आचरण और बढ़ते अपराध के ग्राफ में भी प्रदर्शित हो रहा है। हाल के वर्षों में यह देखा गया है कि पब, होटलों में 'रेव पार्टी' जैसे आयोजनों में पार्टी और मनोरंजन की आड़ में नशीले पदार्थों का सेवन बढ़ रहा है। मुंबई के गोरेगांव में दो विद्यार्थियों की मौत इसी भयावहता का ज्वलंत उदाहरण है। यह स्वाभाविक है कि जब नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त पर सख्त कानून मौजूद हैं, तो फिर युवाओं तक इन नशीले पदार्थों की इतनी आसान पहुंच कैसे संभव हो रही है? स्पष्ट है कि प्रशासनिक ढिलाई और तंत्र की कमजोर निगरानी इसके प्रमुख कारण हैं। वहीं, हिमाचल के सरकाघाट जैसी घटनाएं बताती हैं कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को हिंसा और असंवेदनशीलता की ओर धकेल रहा है। इस चुनौती का समाधान केवल सरकारी सख्ती से संभव नहीं है। परिवार, समाज और शैक्षणिक संस्थानों को मिलकर युवाओं में नैतिक मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का संचार करना होगा। साथ ही, प्रशासन को नशे के अवैध तंत्र पर कठोर कार्रवाई करनी होगी और ऐसे आयोजनों पर तीखी निगाहें रखनी होंगी। समय की मांग है कि हम इस समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के मुद्दे के रूप में न देखें, बल्कि इसे सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी के साथ हल करने का प्रयास करें। वरना, यह संकट आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गहरे अंधकार में धकेल सकता है।

# बिहार में नेतृत्व परिवर्तन नए दौर का उदय

बिहार की राजनीति पिछले करीब दो दशकों से एक स्थिर और प्रभावशाली नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती रही है, जिसका केंद्र रहे नीतीश कुमार। 'सुशासन बाबू' के रूप में पहचाने जाने वाले नीतीश कुमार ने साल 2005 से अब तक राज्य की राजनीति को पिछड़े राज्यों से अलग दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन अब उनका राज्य की सक्रिय राजनीति से हटना और केंद्र की ओर बढ़ना केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि बिहार की राजनीति में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है। नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना केवल सत्ता परितर्वन नहीं है, बल्कि बिहार में एक युग के अंत जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने अपने दो दशकों तक लंबे चले मुख्यमंत्री कार्यकाल में प्रशासनिक स्थिरता, सामाजिक संतुलन और विकास की एक ऐसी छवि बनाई, जिससे राज्य के हर वर्ग में उनका व्यापक प्रभाव रहा। यही एक ठोस कारण है कि उनके बिहार की राजनीति से दूर जाने के बाद उत्पन्न नेतृत्व का शून्य केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है।

दरअसल, इस बदलते राजनीतिक परिदृश्य में सम्राट चौधरी का उभार बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। चौधरी का मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीति में एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत है। यह केवल नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारतीय जनता पार्टी अब राज्य में सहयोगी दलों पर निर्भर रहने के बजाय अपने नेतृत्व में सत्ता संचालन की दिशा में पहली बार आगे बढ़ रही है। सम्राट चौधरी का राजनीतिक अनुभव उन्हें इस भूमिका के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत मौजूदा विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल से की और फिर बाद में वे जनता दल यूनाइटेड का हिस्सा भी रहे। लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा और राजनीति में कुछ अलग करने की चाहत ने उन्हें भाजपा में शामिल होने पर विवश किया। वर्ष 2017 में जदयू छोड़कर भाजपा में आने के बाद से ही उनका राजनीतिक कद तेजी से बढ़ा। इस बहुआयामी राजनीतिक यात्रा ने उन्हें बिहार की राजनीति के कई चरणों (मंडल युग, गठबंधन राजनीति



और भाजपा के विस्तार) का प्रत्यक्ष अनुभव दिया है।

चौधरी की सामाजिक पृष्ठभूमि भी उनके पक्ष में जाती है। कुशवाहा (कोइरी) समुदाय से आने वाले सम्राट चौधरी का आधार राज्य की बड़ी आबादी से जुड़ता है। जब इसे नीतीश कुमार के कुर्मी वर्ग और अन्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के साथ जोड़ा जाए, तो यह समीकरण राज्य की करीब 60 प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है। ऐसे में सामाजिक संतुलन की दृष्टि से वे एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरते हैं। हालांकि, उनके सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। नीतीश कुमार ने अपने लंबे कार्यकाल में जो व्यक्तिगत विश्वसनीयता और प्रशासनिक संतुलन स्थापित किया, उसे बनाए रखना किसी भी नए नेता के लिए आसान नहीं होगा। बिहार की राजनीति केवल सत्ता समीकरणों से नहीं, बल्कि जनता के भरोसे से संचालित होती है। यही भरोसा सम्राट चौधरी को अर्जित करना होगा। प्रशासनिक अनुभव के लिहाज से भी वे पूरी तरह नए नहीं हैं। उपमुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने वित्त, शहरी विकास और पंचायती राज जैसे अहम विभागों की जिम्मेदारी संभाली है। इससे उन्हें शासन के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का अवसर मिला है। यह अनुभव उन्हें एक संतुलित प्रशासक बनने की दिशा में मदद करता है।

फिर भी, उनके राजनीतिक जीवन में कुछ विवाद भी जुड़े रहे हैं। अतीत में लगे आरोप, उम्र से जुड़े विवाद और शैक्षणिक योग्यता पर उठे सवाल, ये सभी मुद्दे समय-समय पर उनकी छवि को प्रभावित करते रहे हैं। हालांकि, भारतीय राजनीति में यह आम बात है कि समय के साथ नेता अपने अनुभव और कार्यशैली के आधार पर इन विवादों से आगे निकल जाते हैं। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे महत्वपूर्ण पहलू भाजपा की बदलती रणनीति है। लंबे समय तक सहयोगी दल के रूप में राजनीति करने के बाद अब पार्टी बिहार में खुद को मुख्य नेतृत्व के रूप में स्थापित करना चाहती है। यह बदलाव केवल सत्ता का नहीं, बल्कि राजनीतिक सोच और दृष्टिकोण का भी संकेत है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि बिहार एक नए राजनीतिक परिवर्तनकाल में प्रवेश कर चुका है। नीतीश कुमार का युग धीरे-धीरे समाप्ति की ओर है, जबकि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एक नई राजनीतिक दिशा आकार ले रही है। यह परिवर्तन कितना सफल होगा, यह आने वाला समय तय करेगा, लेकिन इतना निश्चित है कि बिहार की राजनीति अब एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है, जहां नेतृत्व, रणनीति और सामाजिक समीकरणों का नया संतुलन देखने को मिलेगा।

■ राममनोहर रायकवार




- **मेष राशि**:- समय आज से बेहतर हो रहा है चंद्रमा का शुभ अवसर आपके सम्मान में वृद्धि करेगा कामकाज बढ़िया रहेगा।
- **वृषभ राशि**:- सितारे मजबूती से आपके पक्ष में खड़े हुए हैं आवश्यक कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करें।
- **मिथुन राशि**:- चंद्रमा का एकादश भाव में भ्रमण बेहद शुभ है सामाजिक कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है।
- **कर्क राशि**:- समय की अनुकूलता आज पूरी तरह से आपके पक्ष में है कार्यक्षेत्र मजबूत रहेगा प्रेम संबंध सुधरेंगे।
- **सिंह राशि**:- सितारे आज से सामान्य हो रहे हैं परेशानियां कम होंगी परंतु आवश्यक निर्णय अभी न लें।
- **वृश्चिक राशि**:- ग्रहों की चाल आपके पक्ष में है इसका भरपूर लाभ उठाएं स्वास्थ्य मजबूत होगा।
- **धनु राशि**:- समय आज से सामान्य हो रहा है संतान से जुड़ी हुई चिंता दूर होगी यात्रा की संभावना है।
- **मकर राशि**:- समय आज बेहद कमजोर है लोग आपसे दूर भागेंगे कामकाज में अरुचि रहेगी।
- **कुंभ राशि**:- समय आज बेहद शानदार है मन प्रसन्न रहेगा सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में बढ़ोतरी की संभावना है।
- **मीन राशि**:- समय आज ठीक नहीं है आवश्यक कार्यों को अभी विराम दें प्रेम संबंधों से दूर रहें।
- **तुला राशि**:- समय धीरे-धीरे आपका साथ देने जा रहा है कार्य क्षेत्र में आ रही बाधाएं दूर होंगी।
- **कन्या राशि**:- समय बेहद अनुकूलता से परिपूर्ण है यश मान-सम्मान में वृद्धि होगी भाग्य में आ रहे अवरोध दूर होंगे।

# असहमति की दीवारें और शांति की अनिवार्यता



इस्लामाबाद में आयोजित हुई 21 घंटे लंबी शांति वार्ता की विफलता ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति में संवाद जितना आवश्यक है, उतना ही कठिन भी। अमेरिका और ईरान के बीच उठी अविश्वास की दीवारें केवल कूटनीति से नहीं, बल्कि आपसी लचीलेपन और दूरदृष्टि से ही टूट सकती हैं।

पाकिस्तान की मध्यस्थता से आयोजित 21 घंटे लंबी शांति वार्ता का निष्फल हो जाना केवल एक कूटनीतिक असफलता नहीं, बल्कि वैश्विक अस्थिरता के गहराते संकेत हैं। चार दौर की इस बातचीत में अमेरिका और ईरान आमने-सामने तो आए, लेकिन समाधान की दिशा में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सके। परिणामस्वरूप अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच तय दो सप्ताह का युद्धविराम अब अनिश्चितता के भंवर में फंस गया है, जिससे पूरी दुनिया आशंकित है कि कहीं यह तनाव फिर से हिंसक टकराव में न बदल जाए। वार्ता की विफलता के पीछे मूल कारण दोनों पक्षों का अपने-अपने आग्रहों पर अडिग रहना है। अमेरिका की प्रमुख मांग थी कि ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह बंद करे।

**दूसरी** ओर, होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने का दबाव भी बनाया गया, जिसे ईरान ने रणनीतिक रूप से सीमित कर रखा है। यह जलमार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा है और इसके अवरोध से तेल, उर्वरक और खाद्य आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ रहा है। ईरान द्वारा केवल कुछ देशों को ही इस मार्ग से गुजरने की अनुमति देना, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के सिद्धांतों के विरुद्ध जाता है। इधर, ईरान भी अपनी शर्तों और चिंताओं के साथ खड़ा है। उसकी जमी हुई लगभग 27 अरब डॉलर की संपत्ति को जारी करने की मांग, उसके आर्थिक दबावों को बताती है। इसके साथ ही वह अपनी सुरक्षा को लेकर भी सजग है। बीते वर्षों में उसके परमाणु ठिकानों पर हुए हमले और नागरिकों की बड़ी संख्या में हुई मौतें यह प्रश्न उठाती हैं कि क्या कोई देश अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए परमाणु क्षमता विकसित करने की कोशिश नहीं करेगा? यह नैतिक और रणनीतिक द्वंद्व अंतरराष्ट्रीय राजनीति के सबसे जटिल प्रश्नों में से एक बन चुका है। दूसरी ओर, होर्मुज जलमार्ग का अवरोध भी उतना ही चिंताजनक है। यह मार्ग विश्व के लगभग पांचवें हिस्से के तेल और गैस के आवागमन का माध्यम है। इस जलमार्ग के बाधित होने से अमेरिका या इजराइल को सीमित नुकसान होता है, किंतु विकासशील और आयात-निर्भर देशों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है। इस दृष्टि से, ईरान का यह कदम भी वैश्विक उत्तरदायित्व के विरुद्ध माना जाएगा।

**कुल** मिलाकर दोनों पक्षों का कठोर रुख ही शांति की राह में सबसे बड़ी बाधा है। यदि अमेरिका अपनी शर्तों को थोड़ा लचीलापन दे और ईरान अंतरराष्ट्रीय नियमों के प्रति अधिक संवेदनशीलता दिखाए, तभी कोई ठोस समाधान निकल सकता है। वार्ता का टूटना अंत नहीं होना चाहिए, बल्कि यह संकेत होना चाहिए कि संवाद को और अधिक गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। वास्तव में, इस संकट का प्रभाव केवल इन तीन देशों तक सीमित नहीं है। खाड़ी के देश अप्रत्यक्ष रूप से इसकी भारी कीमत चुका रहे हैं। ईरान द्वारा प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए मिसाइलों और ड्रोन के माध्यम से अन्य क्षेत्रों को निशाना बनाना, क्षेत्रीय अस्थिरता को और बढ़ाता है। यह समझना होगा कि युद्ध किसी भी पक्ष के लिए समाधान नहीं है। संवाद, समझौता और संतुलन ही वह रास्ता है, जो इस संकट को नियंत्रित कर सकता है। इस्लामाबाद की विफल वार्ता के बावजूद, शांति प्रयासों को जारी रखना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। क्योंकि असहमति की दीवारें जितनी ऊंची हों, शांति की आवश्यकता उतनी ही गहरी हो जाती है।

■ जसवंत सिंह राजपूत

## विशेष...




# जागरूकता, उपचार और संवेदनशीलता का वैश्विक अभियान



विश्व हीमोफीलिया दिवस हर वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य हीमोफीलिया जैसी गंभीर रक्तस्राव संबंधी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना है। हीमोफीलिया एक अनुवांशिक विकार है, जिसमें रक्त सामान्य रूप से थक्का नहीं बनाता, जिससे छोटी चोट भी खतरनाक रूप ले सकती है। इस दिन का मुख्य लक्ष्य लोगों को इस बीमारी की पहचान, उपचार और इससे जुड़े मिथकों के बारे में शिक्षित करना है, ताकि प्रभावित व्यक्तियों को बेहतर जीवन मिल सके।

### एक संघर्ष से शुरू हुई जागरूकता की पहल

विश्व हीमोफीलिया दिवस की शुरुआत वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफीलिया (डब्ल्यूएफएच) द्वारा की गई थी। यह दिन इस संगठन के संस्थापक फ्रैंक श्नेबेल के जन्मदिन के रूप में चुना गया। 1989 से इस दिन को औपचारिक रूप से मनाया जा रहा है। श्नेबेल स्वयं हीमोफीलिया से पीड़ित थे और उन्होंने इस बीमारी से जूझ रहे लोगों के लिए वैश्विक स्तर पर एक मंच तैयार किया। उनके प्रयासों ने लाखों लोगों को उपचार और समर्थन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


### महत्व : जागरूकता, उपचार और समानता का संदेश

विश्व हीमोफीलिया दिवस का महत्व केवल एक दिवस तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह दिन सरकारों, स्वास्थ्य संगठनों और आम जनता को एक मंच पर लाता है, ताकि सभी के लिए समान और सुलभ उपचार सुनिश्चित किया जा सके। खासकर विकासशील देशों में, जहां संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पाता, यह दिवस उनके अधिकारों की आवाज बनता है। इसके साथ ही, यह दिन समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने और हीमोफीलिया से पीड़ित लोगों को आत्मविश्वास देने का भी कार्य करता है। यह संदेश देता है कि सही देखभाल और समर्थन के साथ वे भी सामान्य जीवन जी सकते हैं।



### हीमोफीलिया : एक अनदेखी, लेकिन गंभीर बीमारी

हीमोफीलिया मुख्यत: पुरुषों में पाया जाने वाला विकार है, जो एक्स क्रोमोसोम से जुड़ा होता है। इसमें रक्त में आवश्यक क्लॉटिंग फैक्टर की कमी होती है, जिससे चोट लगने पर खून बहना बंद नहीं होता। यह बीमारी दो प्रमुख प्रकार हीमोफीलिया ए और हीमोफीलिया बी में विभाजित होती है। समय पर इलाज और सावधानी के अभाव में यह रोग जीवन के लिए खतरा बन सकता है। इसलिए इस दिन का उद्देश्य सिर्फ जानकारी देना नहीं, बल्कि समय रहते उपचार की आवश्यकता पर जोर देना भी है।



### 2026 की थीम

विश्व हीमोफीलिया दिवस 2026 की थीम 'निदान : देखभाल का पहला कदम' है। यह विषय बताता है कि हमें सबसे पहले अपने शरीर पर ध्यान है, ताकि यह बीमारी हो ही नहीं। यदि हीमोफीलिया किसी को ग्रस्त भी कर ले, तो इसके लिए निदानात्मक कदम आवश्यक हैं।

### संवेदनशीलता से ही संभव है समाधान

विश्व हीमोफीलिया दिवस हमें यह याद दिलाता है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि हम जागरूक बनें, दूसरों को जागरूक करें और एक ऐसे समाज का निर्माण करें जहां हर व्यक्ति को समान चिकित्सा सुविधाएं मिलें। जब हम इस दिन को मनाते हैं, तो यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उन लाखों लोगों के जीवन में आशा की किरण जगाने का प्रयास होता है, जो हर दिन इस बीमारी से संघर्ष कर रहे हैं।

## शहनाइयों के बीच पहाड़ी परंपरा की खुशबू

# कुमाऊं की शादी

भारत में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि संस्कृतियों, परंपराओं और मान्यताओं का जीवंत उत्सव होता है। यही विविधता इसे विशिष्ट बनाती है। आगामी 19 अप्रैल, अक्षय तृतीया के साथ देशभर में मांगलिक कार्यों की शुरुआत होने जा रही है और एक बार फिर शहनाइयों की गूंज माहौल को उत्सवमय करेगी। ऐसे में जब विवाह की बात होती है, तो भारत के अलग-अलग क्षेत्रों की परंपराएं अपनी खास पहचान लेकर सामने आती हैं। इन्हीं में उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र की शादियां भी शामिल हैं, जहां दिखावे से अधिक रिश्तों की आत्मीयता, सादगी और संस्कारों की गहराई देखने को मिलती है।



### प्रतीकों में छिपा आध्यात्मिक अर्थ

कुमाऊंनी विवाह की सबसे खास पहचान उसके प्रतीकात्मक रीति-रिवाज हैं। दूल्हा जहां गणेश जी का मुकुट धारण करता है, वहीं दुल्हन राधा-कृष्ण का मुकुट पहनती है। यह परंपरा विवाह को केवल सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक मिलन का रूप देती है। हर रस्म के पीछे एक गहरा संदेश छिपा होता है, जो जीवन के मूल्यों से जुड़ा है।

### सात फेरों में जीवन भर का संकल्प

गणेश पूजा से शुरू होकर वरमाला, कन्यादान और अग्नि के सात फेरे तक हर रस्म जीवनभर साथ निभाने की प्रतिज्ञा को मजबूत करती है। दुल्हन को 'पिछोड़ा' भेंट करना और घरों में 'ऐपन' बनाना शुभता और समृद्धि के प्रतीक हैं। ये परंपराएं पीढ़ियों से चली आ रही हैं और आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं।

### सादगी में बसती खूबसूरती

आज जब शादियां भव्यता और खर्च की होड़ में उलझती जा रही हैं, तब कुमाऊंनी विवाह हमें सिखाते हैं कि असली सुंदरता सादगी और भावनाओं में होती है। यहां कम दिखावा, ज्यादा अपनापन और हर रस्म में भावनाओं की सच्चाई झलकती है।

### परंपरा ही असली उत्सव है

कुमाऊं की शादियां यह एहसास कराती हैं कि विवाह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कारों का उत्सव है। जहां हर रस्म एक कहानी कहती है और हर पल रिश्तों को मजबूत बनाता है। बदलते समय में भी ये परंपराएं हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखने का काम कर रही हैं।

### रिश्तों का सामूहिक उत्सव

यहां विवाह केवल दो लोगों का नहीं, बल्कि पूरे परिवार का उत्सव होता है। एक अनोखी परंपरा में दूल्हे का भाई दुल्हन को अंगूठी पहनाता है, जो रिश्तों में साझेदारी और अपनत्व का प्रतीक है। यह परंपरा बताती है कि शादी के बाद केवल दो व्यक्ति नहीं, बल्कि दो परिवार एक हो जाते हैं।





### लोक रंगों से सजी बारात

कुमाऊं की बारात अपने आप में एक सांस्कृतिक उत्सव होती है। सफेद और लाल झंडों के साथ निकलने वाली बारात में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और लोक नृत्य माहौल को जीवंत बना देते हैं। यह दृश्य न केवल उत्साह से भर देता है, बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत करता है।

# ‘खिलाड़ी डरते हैं, नहीं जाना चाहते’

## मुनाफ पटेल ने लगाए NCA में ठीक से काम न होने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की देखभाल की जिम्मेदारी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी (अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) पर होती है। सीओई खिलाड़ियों के शरीर और फिटनेस का ध्यान रखता है, चोटिल होने पर वह वही रिहैब करते हैं। भारत के पूर्व क्रिकेटर मुनाफ पटेल ने एनसीए के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि फिजियो और ट्रेनर जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। मुनाफ ने कहा कि एनसीए को 100 प्रतिशत बदलना होगा। वह आज भी उसी ढर्रे पर चल रहा जिस पर वह 2000 में शुरू होने पर चल रहा था,



जबकि ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की ऐसी व्यवस्था दर्जनों बार बदलाव से गुजरी है।

मुनाफ पटेल ने टाइम्स ऑफ इंडिया को इंटरव्यू देते हुए कहा, ‘ईमानदारी से फिजियो और ट्रेनर जिम्मेदारी लेना नहीं चाहते। उनका वर्कलोड बढ़ जाता है। आप सेटअप देखो। आप एनसीए के सेटअप में घुस जाओ आपको पूरा सिस्टम पता चल जाएगा। आपको कहीं और नहीं जाना है। एनसीए को 100 प्रतिशत बदलना होगा। पूरे वर्ल्ड के सिस्टम को बीसीसीआई चला रहा है। मैं इंजर्ड हुआ। मुझे एनसीए जाना है। क्यों जाना है फिट होने के लिए। मतलब मैं ऐसा बॉलर हूं कि मेरी गलती नहीं है। मैं ऐसा बैट्समैन हूं कि मेरी गलती नहीं है तो एनसीए फिटनेस सेंटर रखा हुआ आपने। अस्पताल बन गया है। आप फिट हो जाओ वापस आ जाओ सीधे टीम में हो और वो परमिशन दे रहा है।’

**प्लेयर्स भी एनसीए जाने से डरते हैं**– मुनाफ पटेल ने कहा, ‘एनसीए दे रहा है तो मेरी गलती नहीं है मेरी गलती भी तो सुधारेगा कोई बंदा जो बॉलिंग कोच आपको रखा हुआ है या बैटिंग कोच वहां रखा हुआ है तो आप कितने दिन वर्क करते हो उनके पीछे वो बता दो जरा। प्लेयर्स भी एनसीए जाने से डरते हैं। कोई जाना नहीं चाहता है।

# बच गई इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की जान

## इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान का चेहरे पर लगी चोट को लेकर खुलासा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स चेहरे पर लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि भाग्यशाली रहे कि गेंद एक-दो इंच इधर या उधर नहीं लगी। ऐसा होता तो वह जान गंवा सकते थे। स्टोक्स इस चोट से उबरकर मई में मैदान पर वापसी करने की कोशिश में हैं। उनकी योजना है कि जून में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले तीन प्रथम श्रेणी मैच खेलने की है। वह इंग्लैंड लायंस के लिए भी खेलते दिख सकते हैं।



इंग्लैंड को पिछली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से एशेज के दौरान 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस दौरान स्टोक्स ग्रोइन इंजरी हुई। इसकी उन्होंने सर्जरी कराई। वह अप्रैल-मई में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान मैदान पर उतरने की कोशिश में थे, लेकिन वह घरेलू टीम डरहम को कोचिंग देते हुए चोटिल हो गए। अभ्यास सत्र के दौरान एकेडमी के एक खिलाड़ी का शॉट स्टोक्स के चेहरे पर लगी। इसके कारण मैदान पर वापसी में देरी हो गई। इसी चोट को लेकर स्टोक्स ने खुलासा किया उनकी जान जा सकती थी।

### स्टोक्स ने क्या कहा?

ईसीबी के दिए इंटरव्यू में स्टोक्स ने कहा, ‘चेहरे पर चोट लगी। यह बहुत गंभीर थी, लेकिन मजेदार बात यह है कि बुरे समय में यह सबसे बेहतर परिणाम था। मैंने अपना सिर नहीं मोड़ा होता तो एक-इंच इधर या उधर गेंद लगती और मैं आज यहां इंटरव्यू नहीं कर रहा होता।



## लखनऊ सुपर जायंट्स को झटका

# ऋषभ पंत चोटिल

## आरसीबी के खिलाफ कीपिंग करने नहीं उतरे

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (IPL 2026) में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका लगा। कप्तान ऋषभ पंत चोटिल होने के कारण कीपिंग करने नहीं उतरे। मुकुल चौधरी ने उनकी जगह कीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। पंत की गैर-मौजूदगी में निकोलस पूरन ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली। पंत को बल्लेबाजी के दौरान बाएं हाथ की कोहनी पर चोट लगी थी। इसके कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। बाद में वह बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए।

आरसीबी के खिलाफ मैच में ऋषभ पंत नंबर-3 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। एडेन मार्कराम को रासिख सलाम डार ने चौथे ओवर में पवेलियन भेजा था। उन्होंने 12 रन बनाए थे। पंत ने पांचवें ओवर में पहली गेंद का सामना किया। उन्हें चौथी गेंद पर चोट लगी। हेजलवुड ने ऑफ स्टंप से बागर शॉर्ट गेंद की थी। पंत ने लेग साइड में शॉट लगाने की कोशिश की। गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और उनकी कोहनी पर लगकर विकेटकीपर के पास गई।

### पंत रिटायर्ड हर्ट

इसके बाद पंत दर्द में दिखे। लखनऊ सुपर जायंट्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट उनका उपचार करने मैदान पर पहुंचे। दर्द के कारण पंत को बल्लेबाजी छोड़कर पवेलियन लौटना पड़ा। वह 16वें ओवर में आयुष बदोनी के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए लौटे। उनकी बाईं कोहनी पर पट्टी बंधी थी।

### पंत बल्लेबाजी के लिए लौटे

रसिख सलाम की ऑफ स्टंप से बाहर की फुलटॉस गेंद पर पंत शॉट लगाने से चूक गए। उन्होंने पांचवीं गेंद पर खाता खोला, लेकिन भाग्यशाली रहे कि शॉर्ट थर्ड मैन पर सुयस शर्मा कैच नहीं लपक पाए। पंत को तीन गेंद बाद ही भुवनेश्वर कुमार ने पवेलियन भेजा। डीप मिड विकेट पर फिल साल्ट ने शानदार कैच लपका। इस तरह से पंत 6 गेंद पर 1 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लखनऊ सुपर जायंट्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही और टीम 146 पर आउट हो गई।



### मुंबई इंडियंस को झटक

## पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से बाहर हो सकते हैं रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले मुंबई इंडियंस को झटका लगा है। रोहित शर्मा गुरुवार (16 अप्रैल) के मैच से लगभग बाहर हो गए हैं। फिलहाल वह टीम के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में हैं। पिछले रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बड़े स्कोर वाले मैच के दौरान मुंबई इंडियंस की पारी के छठे ओवर में रोहित को पैर की मांसपेशियों में परेशानी महसूस हुई थी। इसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर गए तब वह 13 गेंद पर 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस यह मैच 18 रन से हार गई जो मौजूदा सत्र में टीम की लगातार तीसरी हार थी। मुंबई इंडियंस के ट्रेनिंग सत्र के दौरान बुधवार (15 अप्रैल) को टीम के एक अधिकारी ने रोहित को लेकर कहा, ‘मेडिकल टीम और कोचिंग स्टाफ उनकी जांच कर रहे हैं और हमें जल्द ही पता चल जाएगा।’

### विल जैक्स जल्द मुंबई इंडियंस से जुड़ेंगे

इस बीच इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स जल्द ही मुंबई इंडियंस से जुड़ने वाले हैं। वह मौजूदा सत्र में अब तक टीम के चारों मैच से बाहर रहे हैं और गुरुवार (16 अप्रैल) को भी नहीं खेल पाएंगे। जैक्स और न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर (अब तक दो मैच खेले हैं) ने भारत में टीम से जुड़ने से पहले कुछ और समय मांगा था।

# आरसीबी ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया

### 29 गेंद पहले मैच खत्म

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स (स्त्त) को 5 विकेट से हरा दिया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। लखनऊ सुपर जायंट्स 146 रन पर आउट हुई। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श, मुकुल चौधरी और आयुष बदोनी ही 30 का आंकड़ा पार कर पाए। 147 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी ने 15.1 ओवर में 5 विकेट पर 149 रन बना लिए। चोट के कारण इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले विराट कोहली ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। आरसीबी इस जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची।

ऋषभ पंत चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हुए। बाद में बल्लेबाजी के लिए आए, लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार और भुवनेश्वर कुमार



ने शानदार गेंदबाजी की। जोश हेजलवुड ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया।लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए मिचेल मार्श ने 32 गेंद 40 रन बनाए।

मकुल चौधरी ने 28 गेंद पर 39 रन बनाए। आयुष बदोनी ने 24 गेंद पर 38 रन बनाए। एडेन मार्कराम ने 8 गेंद पर 12 रन बनाए। जॉर्ज लिंडे 7, ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और आवेश खान 1-1 रन बनाकर आउट हुए।

अब्दुल समद और मोहम्मद शमी खाता नहीं खोल पाए। दिग्वेश राठी बगैर खाता खोले नाबाद रहे। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने 4, भुवनेश्वर कुमार ने 3 और क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट लिए। जोश हेजलवुड को 1 विकेट मिला, लेकिन उन्होंने केवल 20 रन दिए। आरसीबी के लिए विराट कोहली ने 34 गेंद पर 49 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 13 गेंद पर 27, जितेश शर्मा ने 9 गेंद पर 23 र बनाए। टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने 14-14 रन बनाए। देवदत्त पडिक्कल ने 10 और फिल साल्ट ने 7 रन बनाए।

# आरसीबी शीर्ष पर, विराट कोहली का ऑरेंज कैप पर कब्जा, प्रसिद्ध के सिर पर्पल कैप

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23 वें मैच में बुधवार (15 अप्रैल) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 5 विकेट के हारकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमा लिया। लखनऊ सुपर जायंट्स 4 अंक के साथ सातवें स्थान पर है। वह 5 में से 2 मैच हार गई है। राजस्थान रॉयल्स दूसरे, पंजाब किंग्स तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद चौथे नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स पांचवें नंबर पर है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेले विराट कोहली ने 49 रनों की पारी खेली। उन्होंने ऑरेंज कैप पर कब्जा जाम लिया। सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन उनसे 4 रन से पीछे हैं।



# NADA की RTP सूची में बड़ा बदलाव

## श्रेयस-स्मृति मंधाना की जगह अभिषेक शर्मा-अक्षर पटेल; गिल-बुमराह समेत कई स्टार बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी की पंजीकृत परीक्षण पूल सूची में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिला है। श्रेयस अय्यर और स्मृति मंधाना की जगह युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ऑलराउंडर अक्षर पटेल को शामिल किया गया है। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और शुभमन गिल समेत टीम इंडिया के कई प्रमुख खिलाड़ी पहले की तरह इस सूची में बरकरार हैं। आरटीपी (ऋह्नक्क) में शामिल खिलाड़ियों को अपने ठिकाने की नियमित जानकारी देनी होती है और तय समय पर डोपिंग टेस्ट के लिए उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। पने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। यही वजह है कि यह सूची खेल जगत में खास महत्व रखती है।



**गिल, यशस्वी, हार्दिक, ऋषभ, बुमराह, केएल, अर्शदीप और तिलक पहले से ही शामिल**– नाडा की आरटीपी की नवीनतम सूची में 348 खिलाड़ी शामिल हैं। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शैफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं।

**नाडा की आरटीपी सूची में कुल 14 क्रिकेटर शामिल**– कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

# होर्मुज खुलने के एलान से कच्चे तेल में 10% की भारी गिरावट, वैश्विक बाजार में लौटी खरीदारी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 10% की भारी गिरावट और वॉल स्ट्रीट में शानदार उछाल आया है। ग्लोबल मार्केट, ब्रेंट क्रूड, और बॉन्ड यील्ड पर इसका पूरा असर आसान भाषा में पढ़ें। ताजा अपडेट्स के लिए अभी क्लिक करें। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी राहत के रूप में, ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोलने की घोषणा के बाद शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रतिशत से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस कदम से फारस की खाड़ी से तेल टैंकरों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई है, जिससे दुनिया भर में ग्राहकों तक कच्चे तेल की आपूर्ति सुचारू हो सकेगी। कच्चे तेल की आपूर्ति बहाल होने और भू-राजनीतिक तनाव कम होने की उम्मीद के बीच अमेरिकी शेयर बाजार एक और रिकॉर्ड ऊंचाई की ओर बढ़ गए हैं।



अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब स्थिति से बचने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इसका सबसे बड़ा और सीधा असर ऊर्जा बाजार पर दिखा है। बेंचमार्क अमेरिकी क्रूड की कीमत 10.8 प्रतिशत लुढ़ककर 81.28 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 10.3 प्रतिशत टूटकर 89.13 डॉलर पर आ गया है। हालांकि, ब्रेंट क्रूड अभी भी युद्ध से पहले के 70 डॉलर के स्तर से ऊपर बना हुआ है, जो यह दशार्ता है कि वित्तीय बाजारों में अभी भी कुछ हद तक सतर्कता मौजूद है। वॉल स्ट्रीट पर हैलोवीन के बाद से लगातार तीसरे सप्ताह सबसे बड़ी बढ़त का दौर जारी है। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.8 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 678 अंक या 1.4 प्रतिशत की भारी बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। तकनीकी शेयरों से भरपूर नैस्डैक में भी 1 प्रतिशत की तेजी देखी गई। देर मार्च में अपने निचले स्तर को छूने के बाद से अब तक अमेरिकी शेयरों में 11 प्रतिशत से अधिक का जबरदस्त उछाल आ चुका है।

# 2030 तक सड़कों से हटेंगे एलपीजी गैस टैंकर, 12500 करोड़ के निवेश से सरकार बिछाएगी 2500 किमी लंबी

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** पीएनजीआरबी ने भारत में 12,500 करोड़ रुपये के निवेश से 2,500 किमी लंबी एलपीजी पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई है। इसका लक्ष्य 2030 तक सड़कों से गैस टैंकरों को हटाना और सप्लाई सुरक्षित करना है। घरों और कमर्शियल उपयोग के लिए एलपीजी गैस की सप्लाई को अब और अधिक सुरक्षित, सस्ता और भरोसेमंद बनाने की तैयारी हो रही है। देश के ऑयल एंड गैस रेगुलेटर, 'पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड' (पीएनजीआरबी) ने बड़े पैमाने पर एलपीजी पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की एक अहम पहल की है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना और साल 2030 तक सड़क मार्ग से होने वाले थोक एलपीजी परिवहन को पूरी तरह से खत्म करना है।

इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत देश भर में कुल 9 पाइपलाइन परियोजनाओं की पहचान की गई है। वर्तमान में पीएनजीआरबी लगभग 2,500 किलोमीटर लंबी चार प्रमुख पाइपलाइनों के लिए बोली प्रक्रिया पूरी करने के अंतिम चरण में है। जिन चार प्रमुख रूट्स पर काम चल रहा है, उनमें चेरलापल्ली-नागपुर, शिक्रापुर-हुबली-गोवा, पारादीप-रायपुर और झांसी-सितारगंज पाइपलाइन शामिल हैं। रेगुलेटर के अनुसार, इन परियोजनाओं में करीब 12,500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने का अनुमान है।

आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए इसके मायने

वर्तमान में रिफाइनरियों और आयात टर्मिनलों से बॉटलिंग प्लांट तक गैस पहुंचाने के लिए भारी संख्या में सड़क टैंकरों का इस्तेमाल होता है। पाइपलाइन बिछने से यह थोक परिवहन सीधे तौर पर पाइपलाइन व्यवस्था में शिफ्ट हो जाएगा। पीएनजीआरबी का कहना है कि यह कदम अन्य परिवहन साधनों के मुकाबले अधिक किफायती साबित होगा। इसके अलावा, संकट के समय में ये पाइपलाइनें 'स्टोरेज' के रूप में भी काम करेंगी, जिससे देश में गैस सप्लाई की कोई कमी नहीं होगी।

# गेंहू की खरीद को लेकर भाकियू ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

## पीलीभीत में सम्पन्न हुई भाकियू की पंचायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**कलीनगर/पीलीभीत।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर पीलीभीत में सम्पन्न हुई। पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन पीलीभीत की उदासीनता के कारण जनपद पीलीभीत के गेंहूँ किसानों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ नही मिल पा रहा है। गेंहूँ खरीद केन्द्रों पर गेंहूँ की खरीद ठप पड़ी हुई है।देहात (मंडियों के बाहर) के गेंहूँ क्रय केन्द्रों पर तो अभी तक केवल बैनर ही टांगें गये हैं।आढ़ती व व्यापारी व नकली बीज तैयार करने वाले बीज संयंत्र औने-पौने दामों पर किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य से बहुत ही नीचे गेंहूँ की खरीद कर रहे हैं।जिससे जनपद का किसान विवश होकर अपनी मेहनत व खून पसीने व मंहगे कर्ज से तैयार फसल को औने -पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं।गेंहूँ खरीद से सम्बंधित जनपद के अधिकारी बेमौसमी बरसात से गेंहूँ में लस्टर लॉस का हवाला देकर गेंहूँ खरीद से पल्ला झाड़ रहे हैं।गेंहूँ किसानों की कोई जनप्रतिनिधि भी सुध लेने को तैयार नही है। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि रबी विपणन



ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी

सत्र 2026 में फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए क्योंकि जनपद के किसानों की खतौनियों में अंश निर्धारण में भारी त्रुटियां हैं।जिसके कारण किसानों की संपूर्ण फसल सरकारी गेंहू खरीद केन्द्र पर नही बिक सकेगी जिस कारण किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित होना पड़ेगा। साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर जनपद की मंडियों व मंडियों के बाहरी क्रय केन्द्रों पर तत्काल जिला प्रशासन ने गेहूं की तौल शुरू नही करवाई तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिलाधिकरी पीलीभीत के कार्यालय का घेराव कर जोरदार ढंग से धरना-प्रदर्शन करने को विवश होगी। पंचायत में जिला सचिव रामकृपाल ने कहा कि जनपद की सभी तहसीलों में किसानों की खतौनियों में अंश निर्धारण में भारी पैमाने पर त्रुटियां हैं।जिससे किसानों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है।किसान बार-बार तहसील के चक्कर काट रहे हैं।लेकिन तहसील के जिम्मेदार अधिकारी किसानों की समस्याओं पर बिल्कुल भी ध्यान नही दे रहे हैं।पंचायत में आवारा जानवरों द्वारा किसानों की फसलों में हो रहे नुकसान का मुददा भी जोर दार ढंग से उठा।दूसरी तरफ जनपद-पीलीभीत के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध बिजली कटौती पर भी चर्चा हुई। पंचायत के उपरांत जनपद पीलीभीत के किसानों की ज्वलंत समस्याओं का ज्ञापन जिलाधिकारी को सम्बोधित सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपा गया। इस दौरान कई मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में श्रम बन्धु व बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न



गांधी सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति, बाल श्रम टास्क फोर्स व प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्रम योजनाओं–प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन व लघु व्यापारी पेंशन योजना–की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि 18 से 40 वर्ष के श्रमिक पंजीकरण कर 60 वर्ष के बाद 3000 रुपये मासिक पेंशन पा सकते हैं। साथ ही श्रमिक कल्याण योजनाओं व बाल श्रम रोकने पर जोर दिया गया। डीएम ने योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार और विकसित भारत रोजगार योजना के तहत शेष प्रतिष्ठानों के शीघ्र पंजीकरण के निर्देश दिए।

## महिल प्रेमी के साथ फरार, पुलिस से की गई शिकायत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने प्रेमी के साथ रात्रि को घर से फरार हो गई। सुबह जब महिला घर पर नही दिखी तो खलवली मच गई। परिवार ने महिला की काफी खोजबीन की,लेकिन कोई पता नही चल सका। पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने वताया तहरीर पर जांच की जा रही है। जल्द ही महिला को तलाश लिया जाएगा। इधर परिवार काफी परेशान है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** बंडा थाना क्षेत्र के गांव निवासी राहुल अपने किसी काम से पूरनपुर आया था। काम निपटाने के बाद वह बाइक से वापस आ रहा था। पूरनपुर-बंडा हाईवे पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात बाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। मौके पर लोग पहुंचे,सूचना पर घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घायल युवक को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## पीलीभीत-शाहजहांपुर सीमा पर काट दिए हरे भरे पेड़

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** सीमा पर बसे बंडा थाना के गांव जमुनिया में हरा-भरा पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया है। लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित जिम्मेदार विभाग को इसकी जानकारी नहीं दी गई, जिससे अवैध कटाई की आशंका जताई जा रही है। घुंघचाई और पूरनपुर क्षेत्र में अवैध कटान का धंधा जमकर फल फूल रहा है। कनपारा में बाग सफाया कर दिया गया। अब घुंघचाई और बंडा सीमा पर जमुनिया मोड के पास विना अनुमति के ही हरे भरे एक पेंड का सफाया कर दिया गया। इसके बाद काटी गई लकडी को भी ठिकाने लगा दिया गया। हांलाकि काटा पेंड पडोसी जिला क्षेत्र में बताया जा रहा है। क्षेत्र में लगातार पेड़ों की कटाई से हरियाली खत्म हो रही है, जिससे पर्यावरण संतुलन पर भी असर पड़ सकता है। बिना अनुमति पेड़ों की कटाई नियमों के विरुद्ध है और इस पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है। पहले भी कई मामलों में अवैध पेड़ कटान पर कार्रवाई की जा चुकी है।

## ट्रैक्टर चालक ने युवक को मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** वाइक के पास खडे युवक को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव गोरा निवासी रिजवान ने वताया कि उसका पुत्र शहबाज व भतीजा कामिल जरूरी काम से 13 अप्रैल को शाम करीव सात बजे वाइक जा रहे थे। वाइक खडी कर शौच करने लगा। उसका पुत्र वाइक के पास खडा था। इसी दौरान सामने से तेज गति से ट्रैक्टर व हैडरा से टक्कर मार दी। जिससे उसके पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। ट्रैक्टर मालिक रायपुर बिचपुरी का इलियास है। गंभीर रुप से घायल युवक को सीएचसी ले जाया गया। सुधार ना होने पर बरेली के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला,कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। मामले की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिसकी विवेचना शुरू कर दी गई है।




## वन विभाग पर मारपीट और अभद्रता का आरोप

### ग्रामीणों ने कार्यवाही न होने पर धरना की चेतावनी दी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**न्यूरिया।** क्षेत्र के ग्राम मरोरी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर वन विभाग के कर्मचारियों पर मारपीट और अभद्रता के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 3 मार्च 2026 की रात करीब 8:45 बजे गांव के कुछ बच्चे होलिका दहन के लिए जंगल के पास लकड़ियां एकत्र कर रहे थे, तभी वन दरोगा और फॉरेस्ट गार्ड अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बच्चों को पकड़ लिया। शिकायत के अनुसार, बच्चों के शोर मचाने पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई और उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि वन विभाग के कर्मचारियों



वन विभाग की कथित अभद्रता के खिलाफ डीएम को शिकायत लेकर पहुंचे लोग

ने एक युवक का मोबाइल फोन और तीन हजार रुपये भी छीन लिए। पीड़ितों का मेडिकल परीक्षण कराया गया, लेकिन अब तक मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि 19 अप्रैल 2026 तक रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई, तो 20 अप्रैल को ग्रामीण5 सामूहिक रूप से धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। शिकायत लेकर पहुंचने वालों में लालाराम पुत्र श्री भूराराम, ओमप्रकाश पुत्र श्री ख्यालीराम, मेवाराम पुत्र श्री दरबारी लाल, अशोक कुमार पुत्र श्री होरी लाल, बंटी पुत्र श्री ख्याली राम, रूपलाल पुत्र श्री रिस्वई लाल,इमरता पुत्र श्री सुख लाल आदि लोग मौजूद रहे।

## पाइप लाइन के लिए खोदी गई सड़कें बनी मुसीबतें

### बिना मरम्मत कराए ही छोड़कर चले गए ठेकेदार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** पेयजल आपूर्ति की पाइपलाइन डालने के नाम पर खोदी गईं सड़कें राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गई हैं। मरम्मत न कराने से सडकें गढ्ढों में तब्दील हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल मिले इसको लेकर सरकार हर घर जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण करा रही है। तहसील क्षेत्र के गांवों में घरों तक शुद्ध पानी पहुंचे,इसके लिए पाइप लाइन डालने के लिए सड़कों को जेसीबी से खोदा गया था। आरोप है कि पाइप लाइन डालकर बिभाग की ओर से सड़क तोडकर उबड खाबड कर दी गई है। विभाग द्वारा इन सड़कों को ऐसे ही छोड़ दिया गया। हांलाकि लोगों को सडक मरम्मत कराने के लिए अश्वासन दिया था। लेकिन पाइपलाइन डालने के



एक गांव में उखड़ी पड़ी सड़क

बाद सडकों को छोड दिया गया। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान सडकों पर कीचड व जलभराव हो जाता है। जिससे लोगों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़क को खोद कर छोडी गईं जिससे सडकों से लोग चोटिल हो रहे है। आए दिन वाहन टूटी सडक में फंस कर पलट रहे है। कई सीसी रोडों को जेसीबी से खोद दिया गया। जिन पर गड्ढे बन गए। ग्रामीणों ने कई बार खोदी गईं सड़कों की मरम्मत के लिए कहा लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्राम प्रधानों ने भी ठेकेदारों व अधिकारियों से सड़कों की मरम्मत के लिए पत्र लिखे, लेकिन उनको अनसुना कर दिया गया। जिससे राहगीर परेशानी है। उन्होंने खोदी गईं सडको की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

## छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को राहत, पीलीभीत में दोबारा खुलेगा पोर्टल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से वंचित छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरूण के निर्देश पर जल्द ही पोर्टल दोबारा खोला जाएगा, जिससे पात्र छात्रों को योजना का लाभ मिल सके। विभाग के अनुसार, तकनीकी कारणों से कई छात्रों की छात्रवृत्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब समस्या का समाधान कर पारदर्शी तरीके से धनराशि सीधे खातों में भेजी जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई ने बताया कि पिछले वर्ष भी पोर्टल खुलने पर 112 छात्रों को करीब 13.45 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई थी।

## दहेज के खातिर विवाहिता को कमरे बंद कर पीटा

### मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को घर से निकाला

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर, पीलीभीत।** दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। आरोप है कि कमरे में बंद कर दिया। शिकायत पुलिस से की गई है। तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई निवासी झम्मन लाल ने बताया कि उसने अपनी पुत्री उपासना की शादी शाहजहांपुर के खुदागंज निवासी एक युवक के साथ हुई थी। मायके पक्ष में अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराल संतुष्ट नहीं हुए। विवाहिता के ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में नकदी व वाहन की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने इनकार कर दिया। जिससे उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर उसके साथ आए दिन मारपीट करना शुरू कर दिया। कुछ दिन पहले ससुरालियों ने उसको कमरे में बंद कर भूखा प्यासा रखा और मारपीट कर प्रताडित किया। इसके बाद उसको दहेज ना देने पर ससुरालियों ने जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। बिना रुपए के वापस आने अंजाम भुगतने की धमकी दी। विवाहिता जैसे तैसे ससुराल से अपने मायके पहुंची और पूरी जानकारी अपने परिवार को बताई। जिससे खलवली मच गई। परिवार के साथ विवाहिता शुक्रवार को कोतवाली पहुंची और पुलिस को आपबीती बताई। इसके बाद ससुरालियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से धोखाधड़ी

### कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवक से ठगी कर ली गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला चौक निवासी जुनैद उल हसन खान ने बताया कि छह माह पहले उसकी मुलाकात कोतवाली क्षेत्र के गांव जटपुरा निवासी दिनेश सिंह से जटपुरा में हुई थी। उसने बताया कि उसके लखनऊ के रहने वाले करन सिंह से जान पहचान है। वह कंपनी में चलते हैं। उसने नौकरी लगवाने का झांसा दिया। नौकरी के लिए दो लाख रुपये का खर्च होगा। और 27 हजार रुपये प्रति माह वेतन मिलेगा। सारे कागजात लाकर लखनऊ में मिलने की बातें हुई। अप्रैल 2025 को दिनेश सिंह ने फोन कर उसको लखनऊ बुलाया। पीडित जब लखनऊ पहुंचा तो दिनेश सिंह ने पीडित को संदीप सिंह से मुलाकात कराई। इसके बाद उसको लेकर इन्फोटेड एंड सिक्योरिटी सर्विस के ऑफिस में लेकर गए और करन से मिलवाया। बातचीत के बाद पीड़ित घर चला आया। 18 फरवरी 2026 को दिनेश ने पीड़ित को फोन कर बताया कि दो लाख रुपये लेकर चले आओ और ज्वाइनिंग लेटर ले लो, वह उसी दिन लखनऊ पहुंचा। आरोपियों ने उससे रुपए ले लिए और जॉइनिंग लेटर दे दिया। फोन आने पर मुरादाबाद जाने के लिए कहा। पीड़ित ने काफी दिनों तक इंतजार किया। लेकिन कोई फोन नहीं आया। पीड़ित को जानकारी हुई की कोई सहायक पद पर नहीं है। आरोप है की धोखाधड़ी करके उसके रुपए हड़प लिए। जॉइनिंग लेटर भी फर्जी निकला। पांच मार्च को वह जटपुरा पहुंचा और वहां मौजूद दिनेश व संदीप सिंह से अपने रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने उसको मारा पीटा। रुपए लेने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पूरनपुर कोतवाली पुलिस को दी गई। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई,इस पर पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## ब्लॉक सभागार में हुई अंबेडकर सम्मान अभियान गोष्ठी

### पूरनपुर विधायक ने पहुंच कर विस्तार से दी जानकारी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पूरनपुर।** नगर के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत विस्तृत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ ने गोष्ठी में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे डॉ. के एम अरोड़ा व विशिष्ट अतिथि विधायक बाबूराम पासवान ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद वक्ताओं ने एक-एक कर डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और देश के संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। भाजपा विधायक ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित और शोषित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए आजीवन संघर्ष किया और उनके द्वारा दिए गए अधिकार आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहे हैं। गोष्ठी में डा.केएम अरोड़ा ने कहा कि जब तक समाज का हर व्यक्ति शिक्षित नहीं होगा, तब तक वास्तविक समानता स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाएं और




गोष्ठी में मौजूद विधायक, ब्लाक प्रमुख

अपने जीवन में शिक्षा, अनुशासन और संघर्ष को महत्व दें। इस दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी विस्तार से दी गई। अधिकारियों ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और दूसरों को भी जागरूक करें। गोष्ठी में सामाजिक समरसता और भाईचारे पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों और भेदभाव को समाप्त करना समय की मांग है। सभी को मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करना होगा जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिले। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मानसी सिंह,रितुराज पासबान सहित कई मौजूद रहे।

# भाजपा का नारी शक्ति सम्मेलन आयोजित, महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत पीलीभीत सदर विधानसभा का नारी शक्ति सम्मेलन गांधी प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण को लेकर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी गुलशन आनंद तथा मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की, जबकि संचालन अलका चौधरी द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। वहीं जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया है। मुख्य वक्ता पुष्पा पांडे ने कहा कि यह अधिनियम बिना किसी भेदभाव के सभी महिलाओं को समान अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर रेखा सिंह परिहार, गीता मिश्रा, सभ्यता देवी वर्मा, संदीप कौर, ऋचा सिंह पटेल, पंकजा तिवारी, सुषमा देवी, डॉ. अनुरिता सक्सेना सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गांधी प्रेक्षागृह में नारी शक्ति सम्मेलन में भाग लेती महिलाएं

# लटकते बिजली तार बने आफत, चिंगारी से 8 बीघा गेहूं जलकर राख

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**भुता, बरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम गजनेरा में शुक्रवार को भीषण आग लगने से किसान को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आग की चपेट में आकर रजत खंडेलवाल पुत्र रामनारायण खंडेलवाल के खेत में खड़ी करीब आठ बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन के तार लंबे समय से नीचे लटक रहे थे। किसान रजत खंडेलवाल ने पहले ही बिजली विभाग को इसकी सूचना देकर तार ठीक कराने या लाइन बंद कराने की मांग की थी, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इसी लापरवाही के चलते तारों से निकली चिंगारी ने फसल में आग लगा दी। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। वहीं, ग्रामीणों में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आक्रोश है और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है।



खेत में चिंगारी से आज का विकराल रूप धारण करते गेहूं

# पांच साल से जर्जर दुही-महुआ मार्ग, राहगीर परेशान

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव दुही से महुआ जाने वाला मार्ग पिछले करीब पांच वर्षों से जर्जर हालत में प ड़ा हुआ है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी परत के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है, जिससे रोजाना गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार लोक निर्माण विभाग से शिकायत की गई, लेकिन अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जब सड़क पर पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आते और दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों ने विभागीय लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके और लोगों को राहत मिल सके।



गांव दुही से महुआ जाने वाला मार्ग जर्जर हालत

# सीबीएसई कक्षा 10 का शानदार परिणाम: गॉडविन पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रिजल्ट

## आराध्या सिंह ने 98% अंक लाकर किया टॉप, छात्रों ने बढ़ाया बहेड़ी का मान





कार्तिकेय



भव्य पाठक



अदिति चौधरी



आराध्या

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बहेड़ी, बरेली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में बहेड़ी नगर स्थित गॉडविन पब्लिक स्कूल का प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय की छात्रा आराध्या सिंह ने 98% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आदिति चौधरी ने 97% अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि रमशा फातिमा ने 96% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 16 छात्रों ने 90% से ऊपर अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा। स्कूल के प्रबंधक रंजीत सिंह, प्रधानाचार्य संजय भंडारी एवं ईशान ठकराल ने स्टाफ और विद्यार्थियों को मिठाइयां वितरित कर सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हरजीत कौर और दीपक आर्या भी मौजूद रहे। विद्यालय के इस उत्कृष्ट परिणाम से बहेड़ी नगर का नाम एक बार फिर गौरवान्वित हुआ है।

# तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, पीछा करने पर युवक से मारपीट; दो घायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**दियोरिया कला ।** थाना क्षेत्र में लापरवाही से बाइक चलाने का मामला सामने आया है, जिसमें टक्कर मारने के बाद आरोपियों ने पीछा करने पर युवक के साथ मारपीट कर दी। घटना में चाचा-भतीजा दोनों घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम टेहरी निवासी ओमप्रकाश पुत्र रामलाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 15 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे वह अपने भतीजे झम्मनलाल के साथ मानपुर चौराहे पर अपने भाई की दुकान के पास खड़ा था। तभी बीसलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने लापरवाही से टक्कर मार दी, जिससे वह जमीन पर गिरकर घायल हो गया। इसके बाद भतीजा झम्मनलाल बाइक सवारों का पीछा करते हुए ग्राम बिहारीपुर हीरा के पास पहुंचा, जहां आरोपियों को पकड़ लिया। आरोप है कि इस दौरान बाइक सवारों ने झम्मनलाल के साथ लात-घूंसे और डंडों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर गांव के अमित पुत्र अशोक कुमार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। तब तक ओमप्रकाश और अन्य ग्रामीण भी पहुंच गए। आरोप है कि आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायलों को सरकारी अस्पताल दियोरिया कला में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज और मेडिकल परीक्षण किया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दवा लेने जा रहे युवक पर हमला, जातिसूचक गालियां व जान से मारने की धमकी का आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दवा लेने जा रहे युवक के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गांव के ही एक व्यक्ति पर शराब के नशे में हमला करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम भैसाह ग्वालपुर निवासी छदम्मीलाल पुत्र मुन्नालाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 15 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:30 बजे वह गांव में दवा लेने जा रहा था। रास्ते में गांव का ही केदारी पुत्र जागनलाल वर्मा शराब के नशे में मिला और उसे रोक लिया। आरोप है कि केदारी ने पहले गाली-गलौज शुरू कर दी और मना करने पर लाठी-डंडों से मारपीट की। साथ ही जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शराब के लिए पैसे न देने पर पत्नी से मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**भुता (बरेली)।** थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद का गंभीर मामला सामने आया है, जहां पति पर शराब के लिए पैसे न देने पर पत्नी के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ग्राम केसरपुर निवासी अनीता देवी पत्नी विनोद कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके दो छोटे बच्चे हैं और उसका पति घरेलू खर्च के लिए पैसे नहीं देता, जिससे परिवार के भरण-पोषण में दिक्कत हो रही है। आरोप है कि पति विनोद कुमार अक्सर शराब पीकर घर आता है और मारपीट करता है। पीड़िता के अनुसार, पति उससे जबरन पैसे मांगता है और मना करने पर गाली-गलौज करता है। यहां तक कि उसने कथित रूप से पत्नी पर गलत काम करने का दबाव भी बनाया। 16 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 9 बजे भी आरोपी पति ने शराब के नशे में गंदी गालियां दीं और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट की। अनीता देवी ने आरोप लगाया कि पति उसे लगातार जान से मारने की धमकी देता है। पीड़िता ने थाना भुता पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से सशक्त होगा लोकतंत्र

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक माने जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता और भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह की मौजूदगी में हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और 33 प्रतिशत आरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का बड़ा कदम बताते हुए आधी आबादी के अधिकारों को मजबूती मिलने की बात कही। भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति को आज जो अधिकार मिल रहा है, वह उसका हक था जो वर्षों से लंबित था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश महिला सशक्तिकरण के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर 2023 को नए संसद भवन में इस विधेयक को प्रस्तुत किया गया था, जिसे लोकसभा में 454 बनाम 2 के भारी बहुमत से पारित किया गया और राज्यसभा में सर्वसम्मति से मंजूरी मिली। जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कहा कि यह कानून देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों को साकार करने वाला है। उन्होंने कहा कि पंचायतों से लेकर संसद तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से नीतियों और निर्णयों में उनकी भूमिका मजबूत होगी और इससे लोकतंत्र को नई दिशा मिलेगी। भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण (इज्जत घर) और तीन तलाक कानूनकृने महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता मिली है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष क्षमा वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है, जो देश के भविष्य को नई दिशा देगा। वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के उस विचार को भी याद किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि किसी भी समाज की प्रगति का आकलन उसकी महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है। कार्यक्रम में ह्यनारी शक्ति वंदन सम्मेलनह्न के प्रसारण का भी उल्लेख किया गया, जिसमें प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और अधिकारियों ने भाग लिया। साथ ही इस अधिनियम के समर्थन में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने और मिस्ड कॉल के माध्यम से लोगों से सहभागिता की अपील की गई।




# खेत में गेहूं कटवाने गए युवक को सांप ने डसा, इलाज के दौरान मौत से मचा कोहराम

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**बीसलपुर/चुर्रा सकतपुर।** क्षेत्र के गांव परेवा में शुक्रवार को सर्पदंश से युवक की मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी 35 वर्षीय प्रेमचंद उर्फ पप्पू शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गेहूं की कटाई कराने खेत पर गए थे। इसी दौरान खेत में काम करते समय अचानक सांप ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश की खबर लगते ही मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास के लोग दौड़ पड़े। परिजन गंभीर हालत में युवक को तत्काल बरेली के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया, लेकिन हालत लगातार बिगड़ती चली गई। काफी प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे पत्नी ज्ञानवती समेत छह बच्चों–प्रियंका, विशाल, कामिनी, विश्वास, विकास और विशाखा–को छोड़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



# त्योहारों और परीक्षाओं के मद्देनजर जनपद में धारा-163 लागू

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 को 10 जून तक पूरे जनपद में लागू कर दिया है। यह कदम आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण परीक्षाओं को देखते हुए उठाया गया है। इस दौरान 19 अप्रैल को परशुराम जयंती, 25 से 27 अप्रैल तक होमगार्ड भर्ती परीक्षा, 1 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 3 मई को प्रवक्ता भर्ती परीक्षा, 21 मई को लेखपाल मुख्य परीक्षा और 27 मई को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मनाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोकने के लिए यह आदेश जारी किया गया है। धारा-163 के तहत बिना अनुमति भीड़ जुटाने या कानून का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा-223 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कल आएंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, जगह-जगह होगा स्वागत

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**शाहजहांपुर।** अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर 19 अप्रैल को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का आगमन प्रस्तावित है। उनके दौरे को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने टाउन हॉल स्थित राजीव भवन में पत्रकार वार्ता कर विस्तृत कार्यक्रम साझा किया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने बताया कि अजय राय का स्वागत विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग नेताओं के नेतृत्व में किया जाएगा। सीतापुर रोड स्थित भीटारा के पास गंगाराम कठेरिया के नेतृत्व में स्वागत होगा। हरदोई बाईपास पर पूनम पांडेय व रामप्रकाश दीक्षित, बरेली मोड़ पर रामजी अवस्थी व रहीम दाद खान, जबकि कांट में उन्नत मिश्रा व रईस मियां स्वागत करेंगे। जलालाबाद में उबरिया मंदिर पर दर्शन के बाद महाराणा प्रताप चैक पर आलोक शर्मा, रामजी शुक्ला, सैय्यद तनवीर, ओमपाल यादव, बादाम सिंह, सोनपाल यादव व अजय त्रिवेदी के नेतृत्व में स्वागत होगा। तहसील के पास प्रेम प्रकाश वाल्मीकि, बीएन सिंह यादव व नक्षत्रपाल सिंह स्वागत करेंगे। शहर आगमन पर राजघाट चैकी में इरशाद खान व फरमान खान, चारखंबा पर फैजान अली खान, छोटा चैक पर फरीद अली खान व अर्चना कटारिया, कच्चा कटरा पर नीरज अवस्थी, शौर्य दीक्षित व राजीव गुप्ता स्वागत करेंगे। घंटाघर पर सईद अंसारी, साजिद खान व शाश्वत मिश्रा, तारीन टिकली पर अनस इकबाल व सैय्यद तनवीर, लाल इमली चैराहे पर अफजाल खान व नौशाद कुरैशी स्वागत करेंगे। इसके बाद टाउन हॉल स्थित शहीद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। खिरनीबाग में रफी उल हसन, प्रत्यूष मिश्रा, मोहसिन खान व सिकंदर अली स्वागत करेंगे। अंत में लोधीपुर स्थित अक्षरधाम कॉलोनी के आरके फार्म पर आयोजित भंडारे में अजय राय शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता में अशफाक उल्ला खां, कृष्ण विनोद मिश्रा, रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, सईद अंसारी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, गौरव त्रिपाठी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, परवेज अहमद व फरमान खान सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आमजन से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।



डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

BHIM JI FILLING STATION
Parvinder Singh (Sonu)
Eklavya Singh (Babu)



NH-24, Moradabad-Bareilly Bypass Rampur

DG CLINIC
SKIN, HAIR & LASER
Dr. Sharmishtha Singh
Trico & Cosmetologist (सौन्दर्य विशेषज्ञ)
7599231107
Tatto Remove · Acne Scar · Hair Reduction · Psoriasis
शौकत अली रोड, नियर एक्सिस बैंक, सिविल लाइन्स, रामपुर (244901)

# दोहरी नागरिकता मामले में राहुल गांधी के खिलाफ होगी FIR

## हाईकोर्ट ने कहा- ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे CBI

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी की शुक्रवार को दोहरी नागरिकता मामले में मुश्किलें बढ़ गई हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राहुल के खिलाफ मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि राहुल के खिलाफ लगे इन आरोपों की जांच होनी चाहिए।

शासकीय अधिवक्ता वी के सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को आदेश दिया कि या तो वह इस मामले की जांच करे या फिर किसी केंद्रीय एजेंसी से इसकी जांच करवाए। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया।

राहुल गांधी पर भारत के साथ-साथ ब्रिटेन की भी नागरिकता रखने का आरोप है। इसके खिलाफ एस विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी और दावा किया था कि राहुल के पास दो देशों के पासपोर्ट हो सकते हैं, जो कि भारतीय कानून का उल्लंघन है। इसी को लेकर लंबे समय से हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार से रिकॉर्ड पेश करने को कहा था।

लखनऊ की विशेष एम पी / एम एल ए अदालत ने 28 जनवरी को, राहुल गांधी के खिलाफ



एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ शिशिर हाईकोर्ट पहुंचे थे। एम पी / एम एल ए अदालत ने कहा था कि वह नागरिकता के मुद्दे पर फैसला करने के लिए सक्षम नहीं है। याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और इस मामले में उनके खिलाफ विस्तृत जांच की मांग की है।

याची ने बीएनएस, सरकारी गोपनीयता अधिनियम, विदेशी अधिनियम और पासपोर्ट अधिनियम के तहत राहुल गांधी पर कई आरोप लगाए हैं। इस मामले की पहले सुनवाई करते हुए, पीठ ने केंद्र सरकार से पूछा था कि राहुल की ब्रिटिश नागरिकता के खिलाफ मिली शिकायत पर उसने क्या कार्रवाई की है। साथ ही केंद्र से मामले संबंधी रिकार्ड भी तलब किए थे।

राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले में दायर याचिका में उनके खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की विभिन्न धाराओं, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट 1923, पासपोर्ट एक्ट 1967 और फॉरेनर्स एक्ट 1946 के उल्लंघन के मामले बनते हैं। याचिका में कहा गया कि यह सिर्फ नागरिकता का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। याची ने मामले की विस्तृत जांच कर कार्रवाई की मांग की थी।

## आंबेडकर के पोस्टर फाड़ने पर गांव में तनाव, प्रदर्शन किया, दो पर प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी समाचार**

**दनकौर।** मकनपुर बांगर गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर के पोस्टर फाड़े के बाद गांव में तनाव बढ़ गया है। पुलिस ने मामले में दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं, पोस्टर फटने की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को अनुसूचित जाति समाज के लोगों में और भीम आर्मी के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि मोहित और भूपेंद्र के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आरोप है कि 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के मौके पर गांव में बाबासाहेब के लगे पोस्टर को बृहस्पतिवार देर रात गांव के ही दो युवकों ने फाड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि ये हरकत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने इसका विरोध जताया। इस दौरान आरोपियों की ओर से कथित रूप से धमकी देने की बात भी सामने आई, जिससे माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया।

# आज फिर पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरेंगे योगी, जनसभा-रोड शो के जरिये बनाएंगे माहौल

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को पश्चिम बंगाल के कूच बिहार व जलपाईगुड़ी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे साथ ही बांकुरा में रोड शो के जरिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

पश्चिम बंगाल के चुनावी परिदृश्य में शनिवार को एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सक्रिय मौजूदगी देखने को मिलेगी। पार्टी के स्टार प्रचारकों में शामिल योगी का यह दौरा रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें वे उत्तर से दक्षिण तक फैले तीन जिलों में लगातार कार्यक्रमों के जरिए चुनावी माहौल को धार देंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे कूच बिहार जिले की माथाभांगा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी निशीथ प्रमाणिक के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। सीमावर्ती इस क्षेत्र में भाजपा अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है और मुख्यमंत्री योगी की सभा को इसी दिशा में एक अहम कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। इसके बाद योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर जलपाईगुड़ी जिले की धूपगुड़ी विधानसभा की ओर रुख करेगा, जहां वे दोपहर 1:20 बजे भाजपा उम्मीदवार नरेश चंद्र राय के पक्ष में जनसभा करेंगे। उत्तर बंगाल की इस बेल्ट में पार्टी ने पिछले चुनावों में जो आधार तैयार किया था, उसे और सुदृढ़ करने पर इस बार खास जोर है।



दिन के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री शाम 4:15 बजे बांकुरा पहुंचेंगे, जहां भाजपा प्रत्याशी नीलाद्री शेखर दाना के समर्थन में उनका रोड शो प्रस्तावित है। बांकुरा, जो कि जंगलमहल क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है, वहां रोड शो के जरिए शक्ति प्रदर्शन की तैयारी है। स्थानीय स्तर पर इसकी व्यापक तैयारियां की गई हैं और बड़ी भीड़ जुटने के संकेत मिल रहे हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि योगी आदित्यनाथ की सभाओं में हाल के दिनों में उमड़ रही भीड़ ने कार्यकताओं में नया उत्साह भरा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ इस चुनाव में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखी जा रही है। सभास्थलों पर हालात ऐसे बन रहे हैं कि लोगों में मुख्यमंत्री की एक झलक पाने की जबरदस्त उत्सुकता दिखाई दे रही है। कई जगहों पर भीड़ इतनी अधिक हो रही है कि पैर रखने तक की जगह नहीं बच रही। सभा शुरू होने से काफी पहले ही लोग पहुंचकर अपनी जगह सुनिश्चित कर रहे हैं और अंत तक डटे रहते हैं। यह नजारा न केवल स्थानीय स्तर पर भाजपा के बढ़ते जनाधार की ओर इशारा करता है, बल्कि कार्यकताओं के मनोबल को भी नई ऊर्जा दे रहा है।

## 'स्कूल से यूनिफॉर्म-किताबें-जूतें खरीदने का बनाया दबाव तो करेंगे सख्त कार्रवाई', मेरठ के डीएम की चेतावनी

**एजेंसी समाचार**

**मेरठ।** डीएम डॉ. वीके सिंह ने उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्यो और प्रबंधकों को चेताया कि वह किसी छात्र या अभिभावक को पुस्तकें -यूनिफॉर्म विशेष दुकान से खरीदने को बाध्य न करें। जिला नियामक समिति की बैठक में डीएम ने कहा कि सभी विद्यालय शुल्क और विद्यालय में संचालित पुस्तकों से संबंधित विवरण वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से चस्पा करें।

डीएम ने कहा कि अगर किसी छात्र व अभिभावक को पुस्तकें, जूते, मोजे व यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा के अधिकार अधिनियम-2009 तथा उत्तर प्रदेश निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली, 2011 के प्रावधानों के तहत स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयनित दुर्बल वर्ग, अलाभित समूह के बच्चों को आवंटित विद्यालय की कक्षा में अविलंब प्रवेश दिया जाए।

## प्रदेश में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी, पारा 45 डिग्री के पार

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** बुंदेलखंड और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को भीषण गर्मी पड़ी। बांदा में तापमान 45.4 डिग्री पहुंचकर सबसे गर्म जिला रहा। प्रयागराज, झांसी और हमीरपुर भी तपिश से बेहाल रहे। मौसम विभाग ने अगले दो दिन गर्मी बढ़ने और बाद में हल्के बादल छाने की संभावना जताई। उत्तरप्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में शुक्रवार को झुलसाने वाली गर्मी पड़ी। बांदा में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। पूर्वा हवाओं की वजह तपिश के साथ उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ाई। बुंदेलखंड के बांदा, झांसी और हमीरपुर जैसे जिलों में दोपहर में जैसे आग बरसी। हालांकि दिल्ली से सटे नोएडा, गाजियाबाद जैसे जिलों में बादलों की आवाजाही भी दिखी। शुक्रवार को बांदा 44.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। वहीं 44 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रयागराज दूसरे नंबर पर रहा। 25.2 डिग्री के साथ हमीरपुर में सबसे गर्म रात दर्ज हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले दो दिनों तक फिलहाल गर्मी लगातार बढ़ती रहेगी। इसके बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के असर से हल्के बादलों की अवाजाही दिखेगी।



## किसानों को जैव-संबंधित व जलवायु अनुकूल गेहूं की स्मार्ट खेती दी गई जानकारी

**एजेंसी समाचार**

**दादरी।** तहसील क्षेत्र के कोट और नंगला चमरू गांव में किसानों को आधुनिक और पोषणयुक्त खेती के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमिटी विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित पहल में किसानों को जैव-संबंधित और जलवायु अनुकूल गेहूं की स्मार्ट खेती के बारे में जानकारी दी गई।

यह कार्यक्रम एमिटी कृषि प्रसार सेवा केंद्र द्वारा भारतीय गेहूं और जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को डीबीडब्ल्यू 371 और 222 जैसी पोषणयुक्त किस्मों की विशेष जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में किसानों को क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी गई।

# 'महिला आरक्षण के मामले में गिरगिट की तरह रंग बदल रही कांग्रेस', सपा पर भी बरसीं मायावती

**एजेंसी समाचार**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने कभी भी एससी-एसटी और ओबीसी समाज के हितों का ध्यान नहीं रखा और अब इन वर्गों की महिलाओं की बात कर रही है। इसी तरह सपा का भी एससी-एसटी और ओबीसी के प्रति सत्ता में रहने पर तिरस्कारपूर्ण रवैया रहता है।

उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि

1. देश के अनुसूचित जाति-जनजाति व पिछड़े समाज के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के मामले में कांग्रेस गिरगिट की तरह अपना रंग बदलने पार्टी भी महिला आरक्षण में, जो अब इन वर्गों की बात कर रही है, वो यही कांग्रेस पार्टी है जिसने अपनी केन्द्र की सरकार के रहते हुये किसी भी क्षेत्र में इनके आरक्षण के कोटे को पूरा कराने की कभी



पहल नहीं की।

2. तथा ना ही ओबीसी समाज हेतु मण्डल कमीशन की रिपोर्ट के हिसाब से उन्हें सरकारी नौकरी व शिक्षा के क्षेत्र में 27 प्रतिशत आरक्षण को भी लागू किया जिसे फिर बसपा के अथक प्रयासों से पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार में अनततः लागू किया गया था, जो सर्वविदित है।

3. इसी प्रकार, यूपी में पिछड़े मुस्लिमों को ओबीसी का लाभ देने के लिए, पिछड़ा वर्ग आयोग की जुलाई 1994 में ही आई रिपोर्ट को भी सपा सरकार ने ठण्डे बस्ते में डालकर इसे लागू नहीं किया था, जिसे फिर यहां बसपा की दिनांक 3 जून सन 1995 में पहली बनी सरकार ने इसे तुरन्त लागू किया। अब यही सपा अपना रंग बदलकर अपने राजनैतिक स्वार्थ में इनकी महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात कर रही है।

4. इस प्रकार, अन्य मामलों की तरह इस मामले में भी सपा जब सरकार में नहीं है तो अलग रवैया अपना रही है, किन्तु जब सरकार में होती है तो अलग संकीर्ण जातिवादी व तिरस्कारी रवैया अपनाती है। अतः इन सभी वर्गों को ऐसी सभी छलावा एवं दोहरे चरित्र वाली पार्टियों से हमेशा सावधान रहना होगा तभी कुछ बेहतर संभव हो पाएगा।

5. जहां तक महिला आरक्षण के लिए पिछली (सन 2011) जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का सवाल है तो इस बारे में यही कहना है कि यदि इसे जिन भी कारणों से जल्दी लागू करना है तो फिर इसी जनगणना के आधार पर करना है और यदि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी केन्द्र की सत्ता में होती तो फिर यह पार्टी भी बीजेपी की तरह ही यही कदम उठाती।

6. कुल मिलाकर, कहने का तात्पर्य यह है कि देश में एससी, एसटी व ओबीसी एवं मुस्लिम समाज के वास्तविक हित, कल्याण व उनके भविष्य संवारने आदि के किसी भी मामले में कोई भी पार्टी गम्भीर नहीं रही है।

7. इसीलिये महिला आरक्षण के मामले में इन वर्गों को अभी जो कुछ भी मिलने वाला है उसे इनको फिलहाल स्वीकार कर लेना चाहिये और इस मामले में आगे अच्छा वक्त आने पर इनके हितों का सही से पूरा ध्यान रखा जायेगा अर्थात इन्हें किसी के भी बहकावे में नहीं आना है क्योंकि इनको खुद अपने पैरों पर खड़े होकर अपने समाज को आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनाना है। यही सलाह है।

# मेरठ में बनेगी यूपी की पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप, मेडा ने 1086 करोड़ रुपये में खरीदी जमीन

**एजेंसी समाचार**

**मेरठ।** मोहिउद्दीनपुर में यूपी की पहली इंटीग्रेटेड टाउनशिप विकसित करने के लिए मेरठ विकास प्राधिकरण ने 1086 करोड़ रुपये में किसानों से 150 हेक्टेयर भूमि खरीदी है। आने वाले समय में 144 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि ली जाएगी।



इससे शहरी विकास को गति मिलने की उम्मीद है। न्यू टाउनशिप की तैयारी के साथ-साथ मोहिउद्दीनपुर वाला इलाका भी चमकने लगा है। बहुत लोग अपने आवास को नए तरीके से बना रहे हैं।

नई टाउनशिप के विकास को गति देने के लिए मेडा इकला गांव में शेष 21 हेक्टेयर जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर चुका है। कुल 144 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि का अधिग्रहण मेडा की प्राथमिकता है। सभी आवश्यक भू-अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी होने के बाद मेडा निर्माण शुरू कराएगा।

मेडा के उपाध्यक्ष संजय मीणा ने बताया कि नई टाउनशिप के लिए किसानों से जमीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू है। यह परियोजना मेरठ के शहरी परिदृश्य को पूरी तरह बदल देगी। इससे क्षेत्र में आवास बुनियादी ढांचे और अन्य आवश्यक सुविधा का विस्तार होगा। यह परियोजना मेरठ के शहरीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी।

मोहिउद्दीनपुर में नई टाउनशिप विकसित करने के मेडा के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। मई 2024 में किसानों से भूमि खरीदने की प्रक्रिया युद्धस्तर पर शुरू की। पहले चरण में मोहिउद्दीनपुर गांव की 46 हेक्टेयर जमीन 418 करोड़ रुपये में खरीदी गई। इसी चरण में छज्जुपुर गांव की 21 हेक्टेयर जमीन 81 करोड़ रुपये में खरीदी। दूसरे चरण में दौलतपुर फखराबाद उर्फ कायस्थ गांवड़ी की 81 हेक्टेयर जमीन 587 करोड़ रुपये में खरीदी गई। दोनों चरण को मिलाकर मेडा ने कुल 150 हेक्टेयर से अधिक भूमि खरीदी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।